हरियाणा के अन्दर मौजू द है । हरियाणा को एक करोड़ की मैन पावर में अगर लेबर मैन पावर को लें तो वह दो प्रतिशत तक पहुंचती है । स्पीकर साहब, अगर अपने देश की आबादी को देखते हुए अगर लेबर की ऐवरेज देखे तो वह डेढ़ परसैन्ट नहीं बैठती लेकिन हरियाणा के अन्दर लेबर मैन पावर दो प्रतिशत बैठती है । इसका मतलब यह है कि हरियाणा के अन्दर प्रोडेक्टिव लेबर, प्रोडेक्टिव मैन पावर बढ रही है लेकिन आज हालात ऐसे हैं कि जहां हरियाणा कृषि प्रधान प्रदेश है और अस्सी प्रतिशत आबादी देहातों में रहती है । इसलिए कारखानों से ज्यादा बिजली के मामले पर, नहरों के मामले पर और खेती के मामलो पर ज्यादा पैसा खर्च करना है । जब हम इन पर ज्यादा खर्च करने की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि आज हमें बिजलीकी सप्लाई ज्यादा चाहिये । अगर हमे एग्रीकल्चर को आगे बढ़ाना है तो फैक्टरियों पर कुछ बैलेन्स रखना पड़ेगा । इकोनौमी के तीन सैक्टर है एक प्राईमरी सैक्टर जिसे एग्रीक्लचर सैक्टर कहते हैं दूसरा सैकंडरी सैक्टर जिसे इंडस्ट्रियल सैक्टर कहते है और तीसरा सर्विस सैक्टर । इन तीनों सैक्टरों में आपसी संतुलन, आपसी मेलजोल होना बहुत जरूरी है । चूंकि हमारा देश कृषि प्रधान देश है अगर यहां पर अन्न की कीमत बढ जाती हैं तो सब चीजों के दाम बढ़ जाते है । इंगलैड कृषि प्रधान देश नहीं पैं वह इंडस्ट्रियल कटरी है वहां ऐसा नहीं होता कि अगर अन्न की कीमतें बढ़ जाएं तो दूसरी चीजों को कीमतें भी बढ जाएं । लिहाजा अन्न के सिलसिले में हम पहले से ज्यादा मजबूत हुए हैं

। अन्न के मामले में हम खुशहाल हुए हैं । हम केवल आत्म निर्भर ही नही हुए बल्कि हमने अन्न को दूसरे इलाकोंको भी भेजा है । यह हमारी पिछली योजना का एक समावेश है जो पिछले बजट में आया और उसका उल्लेख राज्यपाल महोदय के अभिभाषण में किया गया । उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि एग्रीक्लचर सैक्टर को और बजवा वे रहे हैं । इसलिए यह जरूरी है कि जो इंडस्ट्रियल सैक्टर है उसमें भी कुछ बैलेन्स रखा जाए जिसके लिए मेरा एक सुझाव है । जहां फैक्टरियों में बिजली की कटौती की गई है कोई बिजली बन्द नहीं है, बिजली को कमी नहीं है बल्कि 60 प्रतिशत कट की गई है और इसका नतीजा यह है कि जहां पहले दो शिफ्टें चलती थी वहां अब एक शिफ्ट चलेगी जहां पहले एक खिफ्ट चलती थी वहां अब लेबर को ले–आफ करना पड़ेगा । इंडस्ट्रीज को बिजली की मिकदार इस ढग से तय करनी चाहिए कि लगातार इस वक्त से उनको बिजली मिल सके और मालिक और मजदूर आपस में बैठकर इस ढंग से काम करें कि मजदूरों को कोई दिक्कत न हो । एक बहुत जरूरी चीज जिसके लिए यह सरकार और केन्द्रीय सरकार बहुत जोर दे रही है कि अगर अधिक उत्पादन किया जाए और उसका सही वितरण न किया जाए तो उत्पादन का कोई मतलब नहीं रहता । हमारे देश की प्रधानमन्त्री लगातार कह रही हैं कि देश के अन्दर अधिक उत्पादन करना बहुत जरुरी है । उन्होंने कहा है कि अगर अगली पंच वर्षीय योजना के अन्दर हमको अगम–निर्भर बनना है तो उत्पादन बढाना बहुत आवश्यक है. और उत्पादन के साथ–साथ उसका इक्वीटेबल

डिस्ट्रिब्यूशन भी बहुत जरूरी है नहीं तो अमीर और अमीर हो जाएगा और गरीब और गरीब हो जाएगा । डिस्ट्रीब्यूशन इस प्रकार होना चाहिए कि जो निचला तबका है उसको सब से ज्यादा वितरण होना चाहिए । अगर हम निचले तबके कोऊपर उठाना चाहते हैं, देश से गरीबी को हटाना चाहते है तो निचले तबके को, गरीवी को ज्यादा चीजों का वितरण किया जाए बजाए इमके कि जो ऊंचे बैठे हैं उनको ही ज्यादा चीजें सप्लाई करें । ऐसा करके ही हम देश के अन्दर से गरीबी को दूर कर सकते हैं । वितरण मेंयह ख्याल रखा जाना चाहिए और हमारी सरदार का ख्याल इस तरफ है । अगर इस तरह किया जाएगा तो एक अमीर दौर गरीब के अन्दर जो इन्कम का फर्क है, इम्बेलैन्स है बह खत्म हो जाएगा । मैं तो कहता हूं कि अमीरों की अमीरी गरीबों में बांट दो और गरीबों की गरीबी अमीरों मैं गैट दो तो अपने आप ही अमीर गरीब का फर्क मिट जाएगा और गरीब की गरीबी का बटवारा हो जाएगा और अमीर की अमीरी का बंटवारा हो जाएगा । यह लेबर के बारे में एक चीज थी जो मैंने कही है ।

स्पीकर साहब, पिछली चतुर्थ पंचवर्षीय योजना का ओरिजनल प्लान आउट–ले 225 करोड रुपए का था जोकि बढकर 232 करोड़ रुपए हो गया यानी कि सात करोड रुपए हम आगे बढ़ गए । स्पीकर साहब, अगर हम देखें तो 1969– 71, 1970– 71, 1971–72, 1972–73 और 1973– 74 हर साल ही हम आगे बढे है । हम किसी भी सैक्टर, चाहे इरीगेशन सेक्टर, रोड ट्रांसपोर्ट

सैक्टर को लें और चाहे लेबर और एम्पलाएमैंट को लें, हम आगे बढ़ है और हमने अपना खर्चा बढाया जै । इसका मतलब है कि हर अदारे में काम बड़ा है, किसी भी अदारे में कमी नहीं रखी हूँ लेकिन होता यह है कि जितना काम बढ्ता है उतनी ही ख्वाहिश बढती है । यह होता है कि अगर आदमी की आमदन बड़ती है तो उसी अनुपात्त में उसका खर्च भी बढ जाता है । आज बिजली .की आमद के मुकाबले खपत दुगनी हे गई है । अगर आज लेबर के वेजिज बढ़ाए जाएं तो प्राईसिज बढ जाती हूँ । इसलिए यह जरूरी हं कि इन बढती हुई कीमतों को रोकें । जहां तक बजट का सवाल हूँ आमदन के मुकाबले खपत बढ़ी है । इसलिए इस खपत को अपने रिसार्मिज के जरिए अपने साधनों के जरिए पूरा करना है । लेकिन जहां तक इन चीज की प्राईसिज का ताल्लुक है वे लगातार बढ्ती जाती हैं और इसी कारण आज हड़तालें है, लाक आउट्स हैं । इमलिए मंहगाई को रोकना बहुत जरुरी है और इसके बारे में मैंने लेबर ऐडवाइजरी बोर्ड की मीटिंग मे भी एक सुझाव रखा था कि जितनी भी बडी–बडी फैक्टरी हैं वहां हरेक में एर फेयरप्राईस शाप होनी चाहिए और जो छोटी फैक्टरीज हैं उनको पांच–छह को मिलाकर रक फेयर प्राईस शाप होनी चाहिए । आज हमारी मांग ज्यादा पैसे की नहीं होनी चाहिए बल्कि हमारी मांग कीमतों को रोकने की होनी चाहिए । आज तो हो यह रहा है कि जब भी लेवर को ज्यादा पैसा मिलता है दूसरे ही दिन प्राईसिज बढ जाती हैं और उस पैसे का कायदा उतना नहीं होता । लिहाजा महगाई लेना उतना लाभदायक नहीं, जितना कीमत

रोकना है । मैं कह रहा था कि फेयर प्राईस शाप खोली जानी चाहिएं और वहां पर सस्ती चीजें मिले, सस्ता कपडा मिले उन फैक्टरियों के मालिकों को कहा जाए कि दुकान का किराया. दुकान कार खर्चा वे बीयर करें और ज्रूरत की हर चीज मजदूरों को सही ठीक दार में और सही कीमत पर सप्लाई की जाए । इसका नतीजा यह होगा कि हर मजदूर अपना बजट बनाएगा और वह उन्ही चीजों पर खर्च करेगा जो उसकी जरूरत को चीजें हं ।

स्पीकर साहब, इस प्रकार इसके दाद वे लोग कुछ बचाकर सरकार को देगे । सी ०टी० डी० एकाउंट मे वह पैसे जमा होगे । यह भी एक स्माल सेविंग है और सरकार इस पैसे को इस्तेमाल कर सकती है और जनता की भलाई के लिये भी यह पैसा खर्च कर सकती है ऐसा कोई अपनाया जाना चाहिये जिससे कीमतें भी एक जगह पर खड़ी रह सकती हे । कीमतो, बढाने के लिये चीजो को दबा लिया जाता है ओर बाजार में तब लाई जाती है जब कीमत को जाती हैं । मैं यमुनानगर में था, नमक नहीं मिलता था, दियासलाई नही मिलती थी और जब बरसात हई तो नमक बाहर निकल आया कि खराब न हो जाए कहने का मतलब यह है कि हमारे यहां देश में सभी चीजें हैं लेकिन यही पर ऐसे लोग हं कि जो चीजों को दवा कर रख लेते फैब, यही वजह है कि चीजों की कीमतें बढ़ जाती हैं लेकिन यहां पर कितनी नुक्ताचीनी सुरकार के बारे की जाती है हमने यहां पर देखा कि हमारे कितने भाई ऐसे है जो कि नुक्ताचीनी मे लगे रहते हैं कभी

जनता के हित के लिये, जनता को आगे बढाने के लिये उन्होने योगदान दिया है? सिवाये इसके कि खड़े होकर बड़े –बड़े भाषण दे दिये और सरकार की खूब नूक्ताचीनी कर दी और कोई तामीरी बात नही करते हैं । और हमारे जनसंघ के भाई फिर यह पर मजदूरो को बातें करते है, ट्रांसपोर्ट की बात करते है, टीचर्ज को बात करते है, लेकिन जब वे खुद ट्रान्सपोर्ट के मालिक थे, उस समय वहां के मजदूर अपने हितों के लिये सुप्रीम कोर्ट तक गये तो उस समय इन भाईयों के दिलों मे मजदूरों कैं प्रति कोई दर्द नहीं था, अब यह दर्द इनके दिल मे उठा हूं जबकि इनकी प्राइवेट ट्रान्सपोट्रस बन्द कर दी गई है और नेशनेलाई कर दी गई हैं स्पीकर साहब, आज ट्रान्सपोर्ट को नेशनेलाईज कर दिया गया है, और सारे हरियाणा प्रान्त में इलैक्ट्रिसिटी का जाल बिछा दिया गया वै और हमारी हरियाणा सरकार ने चप्पे–चप्पे पर सड़के पहुचा दी है, बसे पहुंचा दी हैं । स्पीकर साहब, इन सब चीजो के करने से बहुत फायदे हुए हैं जब तक यह क्रूाम नहीं किये गये थे, तब प्राइवेट ट्रान्सपोर्ट वाले, जैसे करनाल में तीन प्राइवेट ट्रान्सपोर्टस थी, तक इंडियन करनाल ट्रान्सपोर्ट, करनाल–कैथल द्वारा ट्रांसपोर्ट कोआपरेटिव सासाइटीज, करनाल कोआपरेटिव पापुलर ट्रान्सपोर्ट इन मै से एक ट्रान्सपोर्ट वह थी, जिसके एक हिस्सेदार विधायक हमारे जनसंघ के भाई थे एक दफा का जिकर है कि अम्बाला से जगाधरी दा रेल ट्रेफिक फ्लड के कारण बिलकुल बन्द हुआ पड़ा था । लोग बसो के द्वारा जा रहे थे तो मैं और एक करनाल कोआपरेटिव ट्रान्सपोर्ट के मैनेजिग डायरैक्टर

सरदार नक्षत्र सिंह उसी वस में सफर कर रहे थे, बस खचाखच भरी पड़ी थी, तो उस वक्त मैनेजिंग डायरैक्टर ने क्या किया कि सभी सवारियों से पैसे लेकर अपनी जे ब मे डाल लिये । यह तो इन का रुतबा था सारी टिकटों के पं से खा गये, गवर्नमेन्ट का टैक्स भी खा गये, इसलिये इनको सरकार की इस नशनलाईजेशन से दर्द हो रहा है, और किसी बात से किसी मजदूर के नाम से कोई दर्द नहीं हो रहा है स्पीकर साहब, मैं क्या बताऊं, उस समद प्राईवेट की हालत थी एक दूसरे की पिस्तौल लेकर कतल करने की कोशिश 'करते थे। इन लोगो तो इसलिए दर्द हो रहा है यह सारे पैसे अब उनकी जेबी मैं नहीं जा सकते। लेकिन जब से ट्रान्सपोर्ट का नैशनलाईजेशन हो चुका है लोगो को बड़ा आराम हो गंया है पब्लिक बडे आराम से से चल फिर सकती है , किसी किस्म की लोगो को आने जाने मे कोई दिक्कत नही है और रात को ट्रान्सपोर्ट के चालू करने का सपीकर साहब यह भी एक प्रतीक है कि हरियाणा प्रान्त के अन्दर ला एण्ड आर्डर की सिचुएशन जो है, वह काबिले तारीफ है । आप अपनी प्राइवेट कारे भी रात के वक्त जहां मजी चाहे हरियाणा में ले जा सकते है आप पडौसी स्टे्टस को ही देख लिजिये कि वहां पर ला एण्ड आर्डर की क्या हालत है । लेकिन एक हरियाणा ही एक ऐसा प्रान्त है कि जहां कोई डकैती नहीं चोरी नहीं कतल नहीं, मतलब कि पब्लिक को हर तरह से आराम है और ऐसा तभी हो ' सकता है कि जब किसी प्रान्त. को लो एण्ड आडर की स्थिति सदृढ हो । ला एण्ड आर्डर को मेनटेन करने के लिये हमारी पुलिस के पास वायरलैस

सैटस दिये गये, जगह जगह पर टेली फोन वगैरह दियें गये ताकि अपराधो को रोका जा सके और ऐसी स्थिति हरियाणा प्रान्त में है भी लेकिन यहां परं यह कहा जाता है कि यू ही पुलिस के ऊपर इतना पैसा खर्चा किया जा रहा है, भाई चश्मा बदल करके देखा करो जिनकी आखो मैं पीलिया हो तो उनको तो हर चीज पीली ही पीली नजर आएगी । अगर पुलिस से हर तरह की फैसिलटीज न दी जाएं तो ता एरण्ड आर्डर केसे रह सकता है । स्पीकर साहब दूसरा आज प्रोडक्टिव अदायरो मे पैसा खर्च किया जाता है जिसकी हमें जरूरतं है जैसे टूरिजम वगैरह । इस से हमारे हरियाणा की तरक्की के बारे रोशनी पड़ती है । हमारे हरियाणा में जब बाहर की कमेटिये के मैम्बर साहबान आते है जैसे पिछले दिनों यहां पर केरल से रिसीर्सिज कमेटी आई, बेदाकिस्मती से उस कमेटी कै चेयरमैन चौधरी चांद राम थे, वह वहां पर सिर झुकाकर बैठे रहे, उनको बात नहीं आई । अगर चौधरी सुरजीत सिंह मान, कैप्टन सीस राम जी जैसे वहां न होते तो हमारे हरियाणा प्रान्त की इज्जत डूब जाती तो आप देखिये कि ये कर क्या सकते हैं, यह लोग तो असम्बली के अन्दर बोल सकते है कि फलां जगह यह हो गया, फलां जगह सरकार ने यह कर दिया, केवल नुक्ताचीनी ही कर सकते हैं । चौधरी चांद राम जी तो बबैन से मुश्किल से कुछ वोटों से जीत कर आये है, अगर डा० ओम प्रकाश साहब के बहनोई इनकी मदद न करते तो आज यह यहां पर न होते

चौधरी फूल चन्द (रोहट) : स्पीकर साहब, मेरा प्वायट आफ आर्डर है! जोशी साहब ने जैसे फरमाया चौधरी चांद राम जी रिसोर्सिज कमेटी के चेयरमैन थे, रिसोर्सिज कमेटी के चेयरमैन तो का गुलाब सिंह जैन हैं, वह तो एशोरंन्स कमेटी के चेयरमैन हैं, यह गल्त कह रहे है

Mr. Speaker : This is no point of order, This is People of information

Shri Chander Joshi : I meant the 'Assurance committee.

In correct myself. तो मैं कह रहा था कि यह हालात आज हमारे देश के अन्दर है । हमररे ओपोजिशन के भाई कहते है कि सेविंग धक्के से करवाई जाती है, टीचरों के मामलो मे उनको पता ही नही है जैसे हमारे वित्त मन्त्री महोदय ने अपने बजट मैं जो रिसोर्सिज बताये है, उनके स्माल सेविग भी एक सोर्स बताया गया है और अपिको यह सुन कर खुशी होगी कि हमारे देहाती हल्का के लोगों ने भी इसमे बढ़–चढ कर भाग लिया है और दूसरी तरफ हमारा मजदूर अदारा क्या, गवर्नमेंट सर्वेन्टस क्या, सभी ने मिलकर इस सेविंग में योगदान दिया है टीचरो की बात कर रहा था जब तक इस समाल सेविग में टीचरों का तीन करोड़ से ऊपर रुपया जमा है, जी0पी0 एफ 0 में भी तीन करोड से उपर पैसा जमा है तो यह सब समाल सेविग ही तो है जिसको गवर्नमेट

भलाई के कामो के लिए यूज कर सकती है । यह उन्हीं टीचरों की ही कमाल है, जिनके बारे. हमारे यहां आपोजीशन के भाई बातें करते है कि टीचरॉ के साथ बड़ा धक्का हो रहा है टीचरो को यू ही गुमराह किया जाता ऐ और वे लोग यहा पर बैठे हुए है जो टीचरों को यूही गुमराह करते है और वे तब तक यहां पर बँठे रहेंगे जब तक कि उन्हें ऐसा करने का मौका मिलता रहेगा लिहाजा मैं कह सकता हूं कि हमारे टीचर्ज बहुत समझदार है, हुमारे एम्पलाईज बहुत समझदार है वे अब इन लोगो के बहकावे में नही आ सकते आकर साहब, टीचर्ज के बारे में एक । और यहा पर कहूंगा कि इस समय टीचरों को जो गवर्नमैंट की तरफ से आने जाने मैं सहूलियतें दी हुई है उनको महीने में 40 सिंगल फेयर आने–जाने के लिये देने पड़ते है मैं यह चाहता हूं । कि 40 की बजाए उन्हें 30 सिंगल फेयर देने पड़े तो ठीक रहेगा ताकि उनकी और थोड़ी सी बचत ह। सके। दूसरी बात जो टीचर्ज के लिए हरियाणा सरकार ने की है वह बै कि उनको अपने हिस्ट्रिकट पर रखा है लेकिन कईयों को गांवों में रखा गया है और शहरों मै साढ़े सात से साढ़े बारह परसैंट का उन्हें अलाउंस दिया जाता है, मेरी सरकार से पुरजोर दरखास्त है कि अगर यह चीज. में भी कर दी जाए औरदेहाती मे नौकरी करने वाले टीचर्ज को यह इनसैटिव हो तो वे लोग जो देहातो मे जाने से कतराते हैं, वहा पर जाने के लिए तैयार हो जाएंगे । दूसरी बात है कि आज जो टीचर्ज का डी 0ए 0 कट किया जा रहा है उसको रेस्टोर किया जाए, इस सारी बात को एग्जामिन किया जाए, बेशक उन्हें

यह नकद पैसे न दिए जाए उनके जी0 पी 0 फण्ड में जमा हो जाएं और बाद में सरकार इन पैसो को अपने इस्तेमाल में ला सकती है, कम से कम यह होना चाहिए । इससे आगे चलकर मैं एक बात और कहूंगा कि रोडवेज एम्पलाइज, टीचर्ज, गवर्नमैट सर्वेन्टस वगैरह जो है, इन लोगो की जो अलग–अलग यूनियन्ज बनी हुई है इनकी एक प्वायंट मैनेजमैंट कौन्सिल बनाई जाए, उसके चेयरमैन बेशक चीफमिनिस्टर साहब हों, ऐसा करने से आपस मे ताल–मेल रहेगा और आगे के लिए दोनों तरफ कोई दिक्कत नहीं होगी इस से ऐसा होगा कि और को भी, चाहे हमारे रोडवेज के कर्मचारी हों, एम्पलाइज हों, या कोई तबके के लोग हो, गुमराह करने का मौका नही मिलेगा यह मैं चाहता हूं कि प्वांयट मैनेजमेंट कौंसिल जिमको इग्लैड में ब्हाइटले कौंसिल कर। जाता है उसकी स्थापना की जाए तो बहुत अच्छा हो सकता है मैं अपने टीचरों रुपए और मुलाजमो को मुबारिकबाद देता हू कि वे बड़े शांत ढंग से अपना काम कर रहे है । इसके विपरीत हमारे पड़ौसी राज्य पजाब में आपको पता है कि कितनी जद्धोजहद और परेशानी हो रही है इसलिये मैं अपनी मरकर से भी निवेदन करूंगा कि वह ग्रपने मुलाजमो को जायज मांगों की तरफ जल्द से जल्द गौर करे । अगर सरकार जल्दी कोई माकूल फैसला करेगी तो इसमें हमारी भी भलाई होगी और मुलाजमों की भी भलाई होगी । ऐसा करने के लिए सरकार से मेरी मांग भी है और अपील भी है । लेबर के सिलसिले मे मै कुछ कहना चाहता है यहां पर इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के बारे मैं कहा गया कि उसमें बैलेंस लाने की

जरूरत है यहां पर कहा गया कि फरीदाबाद में यह हो गया, वह हो गया यह भी कहा गया कि वहाँ पर एक लाख मजदूर बेकार हो गये है मैं अपने भाइयो को बतलाना चाहता हूं कि फरीदाबाद के अन्दर 65,000 से ज्यादा मजदूर नही है और वहा पर 440 से कापर फैक्ट्रियां है सारे हरियाणा है अन्दर 1,25,000 आर्गेनाइजड लेबर है तो अकेले फरीदाबाद में एक लाख कैसे हो सकती है अगर मजदूरो में आपसी तालमेल करने का तरीका हो तो उनको कम कष्ट हो सकता है इसके साथ ही मैं लेबर कोर्ट के बारे में थोड़ा सा कहना चाहता हू कि पहले हमारे यहा दो लेबर कोर्ट हुआ करती थी लेकिन मिस्टर ठुकराल के रिटायर होने के बाद यहां सिर्फ एक ही लेबर कोर्ट रह गई है । उसमे मिस्टर शर्मा है जो कि हाट के पेशियेन्ट है उनसे अकेले से इतना काम नहीं हो सकता इसलिये मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि एक और लेबर कोर्ट खोली जाए ताकि मजदूरी और मालिको का तालमेल ठीक ढंग से रह सके (इस समय उपाध्यक्ष महोदया पदासीन हुई) आज अगर मजदूरों के साथ ठीक समय के अन्दर अन्दर न्याय हो तो देश में और उनमें यह एक जागरूकता की भी निशानी है मैं चाहता हूं कि मालिक और मजदूरों के सबंध आज और माडर्नाइज होने चाहियें । आजकल के माहौल मे हमें सबसे पहले अपने राष्ट्र और जनता के हित को देखना चाहिये । देश में आज अगर आर्गेनाइज्ड लेबर की तादाद एक या दो परसैंट है और वह अपने हकों को लेकर स्ट्राइक करना चाहते हों और दूसरी तरफ 98 परसैंट लोग जो हैं वह उन्हे एट–बे नहीं रख सकते तो उस वख्त

उन्हें भी यह सोचना चाहिये कि इन 98 परसैट का हित भी हमारे साथ है । लेकिन इसका मतलब यह नही कि मै लाक–आउट और स्ट्राइक के टोटली खिलाफ हूं और इनको बन्द कर दिया जाए, यह भी ठीक नहीं है । मैं तो यह चाहता हूं कि ऐसा तालमेल बनना चाहिये कि लेबर झगड़ा करने कीर बजाए अपने नैशनल हित को सोचे । लेबर का हित भी इसी में है और सरकार का हित भ्ाी इसी में है, ऐसा करने से दोनों कॉ भलाई होगी । इन शब्दों के साथ डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका वहुत शुक्रिया अदा करता हूं और यह जो अनुमान और बजट हमारे वित्त मन्त्री महोदय ने सदन में पेश किया, उनका मैं अनुमोदन करता हूं ।

श्री धजा राम (सफीदों) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इससे पहले कि मैं कुछ कहूं मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मेरे को बोलने का टाइम दिया । डिप्टी स्पीकर साहिबा, पिछले तीन रोज से बजट पर डिस्कशन हो रही है कुछ भाइयों ने इस पर अपने कन्सट्रक्टिव सुझाव रखे और कुछेक हमारे आपोजीशन के दोस्तो ने डिस्ट्रक्टिव सुझाव रखे । ठीक है, ये हमारे अपोजीशन के भाई अपनी आदत से लाचार हैं । इनको ऐसी वात करना नहीं चाहिये थी लेकिन जैसा यह कहते है ठीक है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसे पहले कि मैं बजट पर बोलूं, सबसे पहले मैं इन भाइयों को यह बताना चाहता हूं कि आजादी से पहले हिन्दुस्तान में आजादी के लिये कितनी कुर्बानी दी गई यह सब लोगों के सामने हूँ । 15 अगस्त, 1947 को हिन्दुस्तान आजाद

हुआ । हर शहरी ने यह सोचा कि हम आगे बढेगे, तुम तरक्याांई करेंगे । इसमें कोई शक नही है हिन्दुस्तान मे काफी तरक्की हुई, यह सब लोगों के सामने हे और इसे डिटेल मे बताने की जरूरत नहीं है । लेकिन हमारा हिन्दी स्पीकिंग एरिया या मौजूदा हरियाणा की वात मै करनां चाहता हूं । हमारी यह वदकिस्मती रही कि प्वांयट पंजाब में हर लिहाज से हम इग्नोर किये जाते रहे चाहे इडस्टरी ले लो, डिवैल्पमैंट लेलो, एजुकेशन ले लो रोड ट्रांसपोर्ट ले लो यानी हर तरह से हमें इग्नोर किया जाता रहा लेकिन आज हमारी पोजीशन यह है कि हमने इन सब अदायरे मे दिन दुगनी और रात चौगुनी तरक्की की हैं । उन दिनों 'मे चाहे कोई भी चीफ मिनिस्टर आया, चाहे सच्चर साहब की वजारत आइ, चाहे भार्गव साहब की आई, चाहे कैरों साहब की जाई और चाहे कामरेड रामकिशन की वजारत आई, ये भाई उन दिनों ट्रैंजरी बैंचिज परं बेठते थे, यानी सरकार के साथ होते थे लेकिन इनमे यह हिम्मत नही होती थी कि मौजूदा हरियाणा में डिवैल्पमैट के कामों के लिये मागं करें । लेकिन आज ये इस सरकार को क्रिटिँसाइज करते है । ठीक है, करने दो, यह इनकी आदत है । 1 नवम्बर, 1966 को जब हरियाणा' वजूद में आया तो उसवक्त पंडित भगवत दयाल 'जी चीफ मिनिस्टर बने और उनको' मिनिस्टरी मैं. चौधरी दल सिंह जी भी 'मिनिस्टर थें । तो डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं इस भाई से पूछना चाहता हूं कि इन्होने अपनी वजारत के अन्दर क्यों किया मैं आपको बताना चाहता हू कि कि जिसे वक्त हरियाणा बना तो–हमारे देश 'के के अर्थ–शास्त्री थे

उनका यह ख्याल था कि हरियाणा एक छोटी सी स्टेट है और इसके पास कोई सोर्स आफ इंकम नही है इसलिये हरियाणा तरक्की नही कर सकेगा, हरियाणी आगे नहीं बढ़ सकेगा और ऊपर नहीं उठे सकेगा । डिप्टी स्पीकर साहिबा, हुआ भी ऐसा हीं कि डेढ साल तक हंमार्री यह बदकिस्मती रही कि हरियाणा । में डिवैल्पमैंट का कोई भी काम नही हुआ और वहां फिरकापरंस्ती की बातें चलती रही । इसके इलावा हरियाणा कर लींडर शिप ऐसे लोगों के हाथों में आई जोकि तंगदिल से बात करते थे और जनता को गुमराह करते थे । इसलिंए मैं इन भाइयों से पूछना चाहताहूं' कि ये उस वक्त सरकार में शामिल थे, इन्होंने हरियाणा प्रान्त के लिये यो हरियाणा की डिवैल्पमैंट के लिए क्या किया 1967 मैं हरियाणा में जनरल इलेक्शन हुए जिसमे कि कांग्रेस के 48 एम 0 एल 0 एज0 बने । मिनिस्टरी बनने के बाद 13 दिन बाद सरकार टूट गई । उसके बाद राव बीरेन्द सिंह जी की सरकार बनी और वह भी 8– 9 महीने बाद टूट गई । मेरे कहने का मतलब यह है कि डेढ साल तक हरियाणा में कोई भी काम नहीं हुआ । मई 1968 के बाद जब चौधंरी बसी लाल जी इस प्रद्रेश, के मुख्य मंत्री बने तब असली मायनो में हरियाणा के अन्दर काम हुए और जो आप लोगों के सामने हैं । इसमें कोई शक नही कि इनके टाइम मे हरियाणा की दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की हुई है । इसी वजह से आज हरियाणा का नाम केवल हिन्दुस्तान में ही नहीं बल्कि सारी दुनिया मे मशहूर है । हरियाणा आज हिन्दुस्तान के नक्शे पर सब से पहली स्टेट है जिसने कि इतने टाइम मैं

इतनी तरक्की की । अपोजीशन के भाइयों ने एक बात रखी कि हरियाणा में कुछ नही हुआ, हरियाणा में नहरें नही निकल रही है । मैं उनको बताना चाहता हू कि आज हरियाणा में कितने काम हुए हैं? आज इरीगेशन को ले लीजिये । इन्दिरा गांधी कैनाल बनी, चक्रवर्ती कैनाल बनी, झज्जर लिस्ट स्कीम बनी, हांसी ब्रांच पक्की बनी, सुदर. ब्रान्च पककी बनी और भालोट ब्रांच पक्की बनी । इन सब नहरो को पक्का किया जा रहा है और अब किसानो को पहले' से डेढ गुना पानी दिया जा रहाहै । इतना कुछ होने के बावजूद भी ये भाई कैसे कह सकते है इरीगेशन के काम मे तरक्की नहीं हुई? इसके अलावा मैं इनको बतानी चाहता हूं कि जिस वक्त हरियाणा बना उस बक्त हरियाणा में केवल 27,000 टयूबवैल्ज थे और आज 1,23,000 टयूबवैल्ज हैं । सरकार ने किसानों को टयूबवैल्ज लगाने के लिये फैसेलिटी दी है और भी दी जा रही है । मेरा कहने का मतलब यह है कि चौधरी बसी लाल की रहनुमाई में हरियाणा दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है अब मैं अपने हल्के के बारे में कुछेक बातें कहना चाहता हूं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे हल्के के साथ से एक जोशी ड्रेन निकलती है । हर साल इसमें ओवर–फलो और ब्रीचिज होने की वजह से वह आटा, टीटो खेड़ी और कर सिन्धु इन तीनौ गांवो की लाखों रुपये की फगल बर्बाद होती है डिप्टी स्पीकर साहिबा. मैं आपके जरिये सरकार से यह सुझाव देना चाहता हूं कि वहां पर एक –डेढ़ –दो मील की छोटी ड्रेन निकाली जाए और उसे

इन्दिरा गांधी कैनाल में डाला जाए ताकि हर साल जो लोग बाढ से पीड़ित होते हैं वे अपनी फस्लें बचा सकें ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा अब मैं अपने हलके की रोड्ज के बारे में कुछ बातें कहना चाहता हूं । मेरे हलके में जामनी से पीलूखेडा मंत्री तक का लगभग डेढ़ मील सडक का टुकड़ा बनाया जाना निहायत जरूरी हं क्योंकि इस वक्त अगर हम जामनी से पीलू खेड़ा मंत्री जाएं तो वाया जींद जाना पड़ता है जिस में तकरीबन 40 मील का चक्कर पड़ता है और जिला करनाल के जो गांव जींद डिस्ट्रिक्ट में आए हैं जैसे गांगट हेडी, पोपडा व रटौली से जामनी तक सडक बन चुकी है । इस लिए इन गांवों का पीलू खेड़ा मंडी से लिंक वनाने के लिए भी वह टुकडा बनाया जाना निहाघत जरूरी है इस के इलावा टोटो खेड़ी में बरडौद बरडौद से खातला, और खातला से मुसलाना की सड़के भी बनाई जानी बहुत जरूरी है । इसी तरह से एक दौर सड़क सफीदों। से डडवाडा गांव तक वाया निमनाबाद, हाट से अचरा खुर्द ओर अंचरा खुर्द से अंचरा कलां तक अगर सड़क बना दी जाए तो सफीदो से गोहाना जाने के लिये बहुत छोटा रास्ता बन जाता है और इस के बनने से लोगों को बहुत सुविधा होगी । इस लिए मे निवेदन करूंगा कि सरकार इन सड़कों को बनाने के लिए जल्दी से जल्दी प्रबंध करे ।

हमारे वित्त मंत्री साहब ने यह बजट बहुत अच्छे ढंग से पेश किया है इस में कोई शकोशुबा की बात नहीं है। उन्होंने हर

डिपार्टमैंट के लिए बजट में फण्ड्ज प्रोवाईड किए हैं चाहे वह एजूकेशन का हो, चाहे ट्रांसपोर्ट का हो, चाहे इन्डस्ट्री का हो मेरा कहने का मतलब यह है बजट बहुत अच्छे ढग से तैयार किया गया है । चौधरी दल सिंह जी ने यहां पर कहा कि खेती के बारे मे हरियाणा में कोई तरक्की नही हुई ? मैं उनको बताना चाहता हूं कि 1966 में जब हरियाणा बना था उस समय एक्रू लाख टन अनाज हरियाणा सैट्रल दल से लेता था लेकिन आज 12 लाख टन हम सैट्रल पूल में दे रहे हैं । इस लिए मैं उन से यह पूछना चाहता हूं कि क्या जो हम इतना सरप्लस अनाज पैदा करके सैट्रल पूल में भेजते है इस से बड़ा तरक्की का सबूत और क्या हो सकता बै । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं समझता हूं कि उन्होंने बिलकुल बेबुनियाद नुक्ताचीनी की है । इस के इलावा उन्होने हरिजनों के बारे में कहा कि उनके लिए कुछ नहीं किया जा रहा । मुझे मालूम नहीं कि वे कब से हरिजनों की भलाई चाहने लगे हैं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इन के खुद के गांव की बात है कि यह अपने जिस आदमी को सरंपच बनाना चाहते थे उसको वहां के हरिजन वोट नहीं देना चाहते थे । वहां झगड़ा भी हुआ था जिस में कि इन के आदमियों को भी चोटें आई थी और केस भी रजिस्टर हुआ था । हरिजन चूंकि चौधरी दल सिंह के आदमी को वोटें देना नहीं मानते थे इसलिए इन्होंने उनका शामलात में और खेको में जाना बंद कर दिया ओर वे बेचारे 10/15 दिन तक अपने अन्दर ही टट्टी पेशाब करते रहे । जब हरिजनों के साथ यह ऐसा सलूक करते रहे है तो आज यहां पर उनकी हमदर्दी का कैसे

दम भरते है । मैं समझता हूं कि यह मगरमच्छ के आंसू बहाने वाली बात है वर्ना इनको हरिजनों के साथ कोई हमदर्दी नही है हमारी सरकार ने इस बजट मे हरिजनों को फैसिलीटीज के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोविजन किया है और जो हरिजन निगम है उस के जरिए इन को हर प्रकार के लोन दिये जाते है और पांच साला एलान में 10 करोड़ रुपया खर्च किया जाएगा

चौधरी पीर चन्द : आन ए प्वांयट आफ आर्डर मैडम, डिप्टी स्पीकर साहिबा इन्होंने मालूम होता है बजट को पढ़ा नही वैसे ही 10 करोड़ रुपया कह दिया है ।

Deputy Speaker : Please take your seat. This is no point of order.

श्री धजा रामः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं निवेदन कर रहा था कि हरिजनो के लिए इस बजट में काफी फण्डज प्रोवाईड किए गए है अब मैं चन्द बातें को–आपरेटिव सोसाईटीजके बारे में कहना चाहता हूं । कोआप्रेटिव डिपार्टमैंट के जरिए लोगों की बड़ी तरक्की हुइं है, जो छोटा कहना था, गरीब हरिजन था और जो मजदूर लोग थे उन्होंने कोआप्रेटिव सोसाईटिया बना–बना कर ऊपर उठने की कोशिश की बै हमारी सरकार ने इस के लिए भी बजट मे काफी फण्ड्ज प्रोवाईड किए हैं । यहां पर चौधरी दल सिंह ने अपनी तकरीर करते वक्त कहा कि कोआप्रेटिव सोसाइटीज को बोगस लोन दिए जाते है । मैं उन से यह बात पूछना चाहता हूं कि यह सब टैक्टिक्स सिखाए हुए किस के हैं मेरा ख्याल है

जिन्होंने यह टैक्टिक्स अपनाया । मैं आप को एक मिसाल देता हूं इन की 'दी राम राए बिक क्लिन सोसाईटी' पहले राम राए मे थी उस को वहां से इन्होंने गवर्नमैट को परमिशन के बगैर जींद शिफट किया और उस के बाद जीद से बिशनपुरा में जोकि रोहतक रोड पर थै फिर शिफ्ट किया गया और वह भी गवर्नमैंट की परमिशन के बगैर । इस तरह इरैगूलेरिटी करने के आधार पर उस का लाईसैंस कैसिल हुआ और डिप्टी स्पीकर साहिबा इस सोसाइटी में जो कार्यवाही वगैरा की गर्ड वह सारी बोगस है । उस सोसाइटी में, चौधरी दल सिंह, शायद इनके परिवार का मैंबर भी उस में कोई हो और एक आध कोई दूसरा मैंबर, कई बार इस के मैंबर बनते रहे औरकई बार निकलते रहे । तो फिर यहमेरी समझ में नहीं आ सका कि

गवर्नर एर्डेस पर बोलते हुए उन्होंने यह कैसे कह दिया कि मेरा कोई भट्ठा नहीं हं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यही नहीं इन्होंने स्टेट बैंक आफ पटियाला से आन बीहाफ आफदी सोसाइटी रुपए ड्रा किए । मैं उन से पूछना चाहता हूं कि किस आधार पर उन्होंने यह रुपया बैक से ड्रा किया था । मैं डिप्टी स्पीकर साहिबा, उनको इस बात के लिए चौलेंज करता हूं वह उस सोसाइटी के रिकार्ड को हाउस में पेश करें और अगर यहां नहीं तो हाउस से बाहिर उस को एग्जामिन करवा लिया जाए, उस में चौधरी दल सिंह ने खुद अपने पांव के अंगूठे लगा रखे हैं और वह सारी बोगस कार्यवाही है । उस रिकार्ड को देख का सब कुछ

पता चल जाएगा कि यह कितने ईमानदार हैं । इस के बाद मैं ला एंड ऑर्डर की तरफ आता हूं डिप्टी स्पीकर साहिबा ला एंड आर्डर हरियाणा में बहुत अच्छा है इस मे कोई शकोशुबा की बात नहीं है हमारी दूसरी जो नेबरिंग स्टेटस है, यू ० पी ० है, राजस्थान है, पंजाब है, आंधप्रदेश और उड़ीसा वगैरा जो हैं, वहां कोई न कोई आन्दोलन चलता ही रहता है और गड़बड़ रहती है । लेकिन हमारे यहां कोई इस किस्म की बात नही दिखाई देती और अगर मैं कहूं कि हमारी स्टेट से क्लीन एडमिनिस्ट्रेशन किसी और स्टेट की नहीं है तो गलत न होगा डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरियाणा बनने से पहले खामी गांव से जब मुजारों को उजाड़ा गया उस वक्त वह भाई सरकार के साथ था । मैं उन से पुछना चाहता हूं कि क्या उस समय उन्होंने सरदार प्रताप सिंह कैरों, पंडित नेहरू या गवर्नर साहब को इस बात के लिए एप्रोच किया था कि उन गरीब मुजारो को न उजाड़ा जाए । उस समय उनका ला एंड आर्डर कहा गया था औरमुझे समझ नही आता आज वह ला एंड आर्डर सी बात कैसे कहते हैं, और हरिजनों और मुजारों की हमदर्दी की बात कैसे करते है फिर उन्होंने कहा कि जींद डिस्ट्रिक्ट में ज्यादा चोरियां होती हैं डिप्टी स्पीकर साहिबा चोरियां तो सब जगह होती हैं लेकिन जींद मेंजो चोरिया होती हैं उन में चौधरी दल सिंह का हाथ कुछ जरूर है । जींद के पास एक राजपुरा गांव में बिजली की मोटर चुराई गई उस का दो महीनों तक इन्होंने केस रजिस्टर नहीं होने दिया लेकिन उस के बाद वह लोग एस0 पी 0 वगैरा को मिले तो उनका केस रजिस्टर हुआ और फिर वह केस सी 0आई

0ए 0 वालों को दिया गया और उन्होंने चोर को पकड लिया और जब उस के खिलाफ केस रजिस्टर होने लगा तो चौधरी दल सिंह पर्सनली गए और यह कह कर केस फाईल करवा दिया कि गांव में पार्टीबाजी है इसलिए चोरी उस के नाम लगाई गई है । अब आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि चोर पकडा जाने पर भी इन्होंने उसके खिलाफ केस रजिस्टर नही होने दिया तो इस से साफ जाहिर है कि उस के पीछे इनका हाथ था ।

Deputy Speaker : No personal remarks please, otherwise, he will demand time for personal explanation from me.

श्री धजा राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ला एंड आर्ड र के बारे में बोल रहा हूं । ला एंड आर्डर हरियाणा का बहुत अच्छा हँ, इम में कोई शकोशुबा की बात नही है । मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं और यह बात 1952 की है । उस वक्त चौधरी दल सिंह जी एम 0 एल ० ए ० हुआ करते थे इनके गांव में एक अध्यापिका पढाया करती थी । उसको इन्होंने कैसे जबरदस्ती अपने घर में रखा है यह बात हाउस में बताते हुये मुझे शर्म आती है । जो आदमी खुद इस तरह की हरकतें करता हो वह अगर ला एंड आर्डर के खराब होने की बात करे तो यह अफसोस की बात है...

Deputy Speaker : I would again request the hon. Member that he should not go personal, otherwise he will demand time for personal explanation from me.

श्री धजा राम : हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने हाउस के सामने एक सुझाव रखा और बताया कि सरकार हर जिला हैडक्वार्टर पर और सब–डिवीजनल हैडक्वार्टर पर धर्मशाला बनाना चाहती है । यह बहुत अच्छी बात है जो सरकार करने जा रही है और इस में शक नहीं कि हर आदमी को इन में ठहरने की जगह मिलेगी लोकिन जींद के बारे में मैं चीफ मिनिस्टर साहब से गुजारिश करूँगा कि अगर वहां पर कोई धर्मशाला बनायें तो उसका इन्तजाम सरकार को सकती से अपने हाथ मैं रखना चाहिए क्योंकि चौधरी दल सिंह को धर्मशालाओं पर कमा करने की बड़ी आदत है । इनके गांव राम राये में करसिंधू के बणिये ने धर्मशाला बनवाई थी लेकिन चौधरी दल सिंह ने उस पर कक्का करके अपनी आटे की मशीन लगा ली और आज भी इन के परिवार का कब्जा है । तो मैं अर्ज करता हूं कि जीद धर्मशाला बनाई जाये तो उसका इन्तजाम जरा सख्ती से होना चाहिए कही ऐसा न हो कि वह उस पर कब्जा जमा लें क्योकि कब्जा करने में वह बहुत तगडे है, ...कभी जमीनों पर कब्जा तो कभी धर्मशालाओ पर कब्जा कर लेते हैं.....

Deputy Speaker : No personal remarks please.

Shri Amar Singh : On a point of order, Madam. The hon. Member against whom personal remarks are being made, is not present in the House. और रुह रिमार्कस भी ऐसे हैं जो शोभा वाली बात नहीं है । अगर हाउस क्षा तैयार इस तरह का हो गया किए एक मैंबर दूसरे मैंबर के बारे में ऐसे रिमार्क्स करेगा तो

इससे हाउस की शोभा नहीं बढेगी अरि यह मामला और आगे बढ़ेगा ।

Deputy Speaker : Order please. I have already requested the Member that he should not go personal.

Chaudhri Partap Singh Daulta : And, whatever has been utter against him should be expunged,

श्री धजा राम : मे तो सच्चाई बता रहा हू अगर इसे' भी महसूस करते हैं तो ठीक है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं ला एंड आर्डर की बात कर रहा था और सच्चाई बता रहा था । एक बात और कहना चाहता हूं कि लाइफ में तीन स्वाद होते हैं । दुनिया मे चाहे पालिटिक्स मे कह लो या दूसरी आम लाईफ मैं भी कहे लो । एक तो खुजली का स्वाद दूसरे ब्याज का स्वाद, और तीसरे राज का स्वाद और यह तीनों बहुत खतरनाक बीमारियां और स्वाद है। जब आदमी खुजली करता है तो उसे बहुत स्वाद आज है मीठा मीठा और जब तक खून न निकल आये वह खुजली करने से रुकता नहीं है । दूसरी है ब्याज की बीमारी और स्वाद जो आदमी ब्याज पर रुपया देता है वह न कोई दूसरा बिजनैस कर सकता है, न अपने बच्चो को हायर एजूकेशन दे सकता है और न अपना रिर्गवेग स्टैडर्ड ऊपर उठा सकता है बस ब्याज में पैसा लगा कर ही स्वाद लेता रहता है । तीसरा स्वाद या बीमारी है राज की जो कि बहुत हीं खतरनाक है । चौधरी दल सिंह चार

महीने स्टोर 13 दिन वजारत की कुर्सी पर बैठे हैं इसालिए उन को हर वक्त उसी कुर्सी के ही खाब आते रहते हैं ।

Deputy Speaker ; Please address to the Chair. Also, please do be-personal.

श्री धजा राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, तो मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि वह भाई जिस वक्त ताकत में आये तो उस वक्त तो कुछ किया नहीं लेकिन आज यह बातें करते हैं कि हरियाणा में कुछ हुआ ही नहीं है । मैं उन से कहूंगा कि अगर उनके दिमाग में फर्क है तो उस भाई को अमृतसर जा कर अपना दिमाग ठीक करवा लेना चाहिये । आज सारा भारत जनता है कि हरियाणा ने कितनी तरक्की की हैं और सारे देश में हरियाणा की तारीफ ढ़ो रही है । हमे इस बात पर बहुत फख सै कि हमें इतना तगडा और मजबूत चीफ मिनिस्टर मिला है कि जिसकी रहनुमाई में हरियाणा तरक्की कर रहा है । चौधरी दल सिह ने जिला जींद के कुछ गांव का जिंकर किया कि वहां पर उन गांव मे पानी नहीं मिल रहा है । मैं मानता हूं कि बडौदी, रूपगढ, कैरखेडी, अहीरका, झाजकला, झाज खुर्द, दरियावाला, खेडीजाजो और गांवों वाजवान में पानी वारा दे और नहर का पानी भी वाम लगता है । अगर सामदो माइनर को चार बुरजी तक ऐक्सटैड कर दिया जाये तो उन सभी गांवों को पानी मिल सकता है । लोकिन मैं हैरान हूं कि चौधरी दल सिंह को अब उन गांव का कैसे ख्याल आ गया जब पावर में थे तो कभी उन्हौंने उन गांवो के बारे में नहीं सोचा

। 1972 के बाद सब से पहले उन्होंने इन गांवों के बारे में सोचा और नारा लगाया कि उन गांवों में पानी खारा हूँ । इसकी क्या वजह है वह मैं बताता हूं । दरअसल बात यह है कि इन्होने कैरखैडी गांव में जमीन ले रखी है और यह गांव इन गांवों के साथ लगता है । उन को इन गांवों वो बारे में इन्ट्रेस्ट यह है कि अगर इन गांवों को पानी मिल गया तो इस गांव में इनकी जमीन को और ज्यादा पानी मिल जायेगा । उन्होने वहा टयूबवैल भी लगा रखा है लेकिन हर एक आदमी चाहता है कि उसे ज्यादा से ज्यादा और अच्छी से अच्छी चीज मिले और चौधरी दल सिंह तो हर चीज अच्छी और ज्यादा अपने लिये चाहते हैं । ..... (विघन)... .हर आदमी अच्छी चीज पसंद करता है (हंसी)..

Deputy Speaker ; Again personal. These words may be expunged from the proceedings.

श्री छजा राम : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं गुजारिश कर रखा था कि इन गांव को वाकई पानी की तकलीफ है और वहां पर पानी देने को बहुत जरूरत है क्योंकि वहां पर पानी बीज अच्छीं है ओर लोग खुद वहां बोरिंग करवा भी नहीं सकते हैं क्योंकि वहां पानी बहुत गहरा है । इसलिये मेरा सरकार से सुझाव है एक वहां एर रिंग मशीनों से गहराई तक खुदाई करवा कर सरकारी तौर पर टयूबवैल्ज लगाये जाये और इस तरह से लोगों को पानी दिया जाये । अन्त में अव आपका धन्यवाद करता हूं जो आपने बोलने के लिये मुझे टाईम दिया है ।

राव दलीप सिंह (कनीना) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका मशकूर हूं कि आपने मुझे बोलने के लिये टाइम दिया । हरियाणा प्रांत एक छोटा सा प्रदेश है और इसकी आबादी ज्यादातर किसानों काशतकारो की है जो कि तकरीबन 85 फीसदी है । यहां का किसान भी बहुत मेहनती और ईमानदार है । यहां का किसान इतना मेहनती है कि दिन रात खेत में काम करता है, उसकी औरत काम साथ करती यूं और बच्चे काम करते हैं । मैंने बजट में देखा है कि एग्रीकल्चर एंड अलाइड सैक्टर में 985 लाख रुपया रखा गया है और इरीगेशन एंड पावर के लिये 4,613 लाख रुपया खर्च के लिये रखा है मै इस बात को देख कर बहुत खुश हूं कि एग्रीकल्चर और इरीगेशन के लिये जो खर्च रखा गया है वह किसी हद तक ठीक ही रखा गया है होना तो यह इससे भी ज्यादा चाहिये था लेकिन फिर भी आबादी के प्रोपोर्शन को देखते हुए यह खर्च जो इन मदॉ के लिये रखा गया है किसी हद तक ठीक है और मै इस के लिये सरकार की सराहना करता हूं कि यह सरकार चाहती हँ कि हरियाणा का किसान ऊपर उठे और उसका स्टैंडर्ड आफ लिविंग ऊंचा हो । इसके साथ–साथ इस में यह भी ध्यान म्बा गया है कि जो बैकवरै एरियाज हैं जहां पहले से ही पीने का पानी नहीं मिलता आया है, जहां पर आने–जाने के साधन। रोडज के नहीं है और हर लिहाज से वह पिछडे हुये है पहले तो पंजाब में सारा हरियाणा ही बैकवर्ड रहा लेकिन अब भी हरियाणा में ऐ से अलाके है जो बैकबर्ड हैं, उनको राहत दी जाये सरकार ने जो अब उन बैकबर्ड अलाको कॉ तरफ ध्यान दिया है मैं

उसकी सराहना करता हूं और इस बात की तारीफ करता हूं कि सरकार के दिमाग में यह बात है कि रीजनल इम्बैलैंसिज को दूर किया जाये और ऐसा करने की कोशिश की भी दे इसको दूर करने की कोशिश की गई, मैं इस बात का तहेदिल से शुक्र गुजार हूं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज किसान को बिजली की जरूरत है पानी की जरूरत है । जहां तक मेरे जिले का सवाल है मैं अपने जिले का नाम इस लिए नही लेता कि मैं इससे ताल्लुक रखता हूं, बल्कि इसलिए कह रहा हूं कि हर एक मैम्बर, हर एक आदमी जो हरियाणा प्रान्त का रहने वाला है, अगर वह सही मायनों में अपने आपको इन्सान कहलाने का हकदार है तो उसको जरूर महसूस करना चाहिए कि जो बैकवर्ड इलाके हैं, जिनको बिजली और पानी की बहुत जरूरत है उन को सबसे पहले देनी चाहिए । मैं यह नहीं कहता कि जो इलाके आगे बढ़ गए है उनकी तरफ ध्यान न दिया जाए, लेकिन जो इलाके बहुत पिछड़े हुए है जहां पानी नही मिलता उनको पानी न मिले तो बड़े शर्म की बात है, हमें शर्म आनी चाहिए । मै गवर्नमैंट की इस बात पर सराहना करता हूं कि गवर्नमैंट ने इन पिछडे हुए इलाको की तरफ ध्यान दिया । डिप्टी स्पीकर साहिबा, पावर प्रोजैस्ट के लिए 3356 लाख रुपया रखा है, यह काफी बड़ी अमाउंट है । इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बावजूद भी हमारी बिजली की मांग पूरी नही हो सकती, इसमें डैफिशिएंसी रहेगी यह डैफिशिएंसी 1973–74 के आखिर तक 879 मैगावाट के करीब रहेगी । इस डैफिशिएसी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा और कदम उठाए जाने चाहिएं अगर बिजली की

डंफिशिएंसी चलती रही तो इंडस्ट्री और एग्रीकल्चर दोनों सफर करेगे । पिछले साल हमारे यहा कहत पड़ा । आप यकीन मानिए हमारे डिस्ट्रिक्ट मे, बैकवर्ड एरिया के नाते से बिजली बोर्ड ने काफी बिजली दी । पूरी बिजली तो नही दे सके लेकिन फिर भी अगर बिजली बोर्ड हमारी हैल्प न करता तो हम जिन्दा नहीं रह सकते वे, हमें कायम रखने के लिए बिजली बोर्ड ने बड़ा सहयोग दिया । इस साल भी किसी हद तक बिजली ठीक जा रही है, मैं यह नहीं कहता कि नही जा रही, जा रही है लेकिन उस पर कट है । हालांकि सी 0 एम 0 साहब ने कहा था कि कट नही एं । जब मैंने एस 0 डी 0 ओ 0 से कहा तो उन्होंने बताया कि हमारे पास डिपाटेमैंट की तरफ से कोई कट नहीं है लेकिन भाखड़ा मैनेजमैंट की तरफ से इक्टूक्शन्ज आ जाती हैं और हमे करना पड़ता है । इसलिए मैं सरकार से अर्ज मैं चाहता हूं कि इस सर्दी के टाईम में जहा कोल्ड वेव चल रही है इससे सरसों की फसल खराब हो जाएगी अगर बिजली पर कट लगेगी । जमीदारों ने छोटे छोटे ट्यूबवैल लगाये हु वे तबाह हो जाएगे । मैं सरकार से उम्मीद करता हूं कि वहां पर कोई कट नही लगेगी ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, जवाहर लाल नेहरू कैनाल पर 30 करोड़ रुपया खर्च होने जा है वह इलाका जो पानी के लिए तरसता था, लोग सोचते थे कि हमारे खेतों में नहर आएगी पानी आएगा, खेत लहरायेगे और उनके बच्चे भी मुस्करायेंगे, कपड़ा भी पहनेंगे किस्म की भावना उनके मन में थी । इसके साथ–साथ मैं

यह कहना चाहूंगा कि इस बजट मे स्कीम के लिए जो रुपया रखा गया वह कम है सिर्फ 36 3 लाख रुपया रखा गया है मुझे पता चला है कि शायद सैन्टर से इस के लिए हैल्प मिलेगी । मैं कहना चाहता हूं बजट में ज्यादा रुपया रखना चाहिए जैसा कि सी 0 एम 0 साहब ने वायदा था कि स्कीम को दो साल में एग्जिक्यूट कर दे– गे, तो दो साल में एग्जिक्यूट करने के लिए 36 लाख दो बजाये 10/15 करोड रुपया रखना चाहिए मैं समझता हूं कि यह नाकाफी है और ज्यादा से ज्यादा रुपया रखा जाना चाहिए । इसके इलावा रोहतक–भिवानी–रेल–लिक के लिए कुछ रुपये की डिमांड को गई है । मैं समझता हूं कि यह लिंक बनना चाहिए बैकवर्ड इलाके में ब्राड–गेज लाईन ले जानी चाहिए, बड़ी अच्छी बात थै क्योंकि लोहारू, भिवानी, तोशाम वगैरा इलाके ज्यादा बैकवर्ड है । लेकिन मैं चाहता हूं कि इसकी एक्सटैन्शन महेन्द्रगढ तक की जानी चाहिए तभी इससे पूरा फायदा हो सकता है हर डिस्ट्रिक्ट को ब्राड–गेज लाइन कवर करती है लेकिन महेन्द्रगढ को कवर नही करती । जब तक यह लाईन नही होगी तब तक वहा इंडस्ट्री डिवेल्प नहीं कर सकती ब्राड–गेज लाइन होने से कोयले को लाने ले जाने में सहुलियत मिलती है इंडस्ट्री एस्टेवलिश करदे में सहायता मिलती है, और भी कई प्रकार की सहूलियतें मिलती है । इसलिए मेरा सरकार से निवेदन है कि इसको महेन्द्रगड तक एक्सटैड किया जाए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे प्रान्त में जे0 बी 0 टी0 टीचर्ज बहुत है जो चार–चार साल से बेरोजगार फिरते हैं । एक मामूली दुकानदार अपने लड़के को जे ० बी ० टो ० करवाकर सर्विस करवाना चाहता है, थोड़े से मोल्ड का आदमी होता है, अगर उसका लडका चार चार साल तक घर बैठा रहे तो सरकार के लिए बड़े शर्म की बात है । इन प्रोफैशनल स्कूलों में इस प्रकार को ट्रेनिंग होनी चाहिए जिससे इतने नम्बे अर्से तक ये बेरार न चे । इस क्सि्म की ट्रेनिंग होनी चाहिए कि जब जे 0 बी 0 टी 0 कालेज से लडका बाहर आता है तो वाहर आते–आते वह एबजार्ब होता जाए । इसी तरह से इंजीनियरिग के लड़के फिरते है । जिन लडकी ने कुरुक्षेत्र और चण्डीगढ़ से इंजीनियरिंग पास की हुई है उन को सविंस नही मिलती, बेकार फिरते है । इसलिए मैं सरकार से अर्ज करूंगा कि एस्पैशली उन लडको को जो प्रोफैशनली ट्रेंड हैं, उनको अन–एम्पलायमैंट का, बेरोजगारी का भत्ता दिया जाए, उनकी आने–जाने के लिए खर्चा दिया जाए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि ऐसे नड़को को भत्ता जरूर दिया जाए ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह वायदा किया गया है कि सरकारी एम्पलाईज को डीयरनैस अलाउंस देंगे । मैं समझता हूं कि हरियाणा सरकार को भी बपने एम्पलाईज को डीयरनैस अलाऊस देना चाहिए जबकि दूसरी स्टेटों की सरकारो ने दे दिया है खास कर उन लोगों की देना जरूरी है जो छोटे–छोटे मुलाजम है, छोटी–छोटी तन्खाह लेते हैं, जो अपने बच्चों का गुजारा नहीं

चला सकते दस–बीस मुलाजम मुझे मिले और कहने लगे –नमक के साथ खाना खाकर भी हम गुजारा नही कर सकते, इनको इमिजिएट डीयरनैस अलाउंस दिया जाए लेकिन बजट में इनके लिए कोई प्रोवीजन नही रखा गया । बजट में 18 करोड़ का डैफिसिट है । अगर डीग्रनैस अलाउन्स देंगे तो डैफिसिट और बढ़ेगा 300 करोड़ का पब्लिक डैट है जो कि बहुत ज्यादा है और इसको रिड्यूस करने के लिए सरकार द्वारा कदम उठाए जाने चाहिएं

इसके इलावा बैकवर्ड एरियाज के लिए बैकवर्ड एरियाज में डिवैल्पमैंट करने दो लिए सरकार ने प्रायरिटी नहीं दी है । कुछ ध्यान. रखा गया है, इस में शक की बात नहीं लेकिन? जो ज्यादा प्रायरिटी देनी चाहिए, वह नही दी गई । कल पग्सों एक सप्लीमैंटरी का जवाब क्कै हुए सी ० एम ० साहब ने फरमाया था कि नारनौल मैं सीमेंट फैक्टरी जो लगा रहे थे बस नहीं लग रही क्योंकि इससे जो सीमेंट पैदा होगा वह दूसरे प्रान्तों में जाएगा इसलिए वहां मे चूना बनायेगे । डिप्टी स्पीकर साहिबा, जो फैक्टरी हम लगाते हैं और जो माल वह फैक्टरी बनाती है वह बाहर भी जाना चाहिए आप देखें, हरियाणा से कितना माल बाहर जाता है? गेहूं पैदा करते है वह बाहर जाता है, और भी कई चीजें बाहर जाती है । इसी तरह से अगर यह फैक्टरी लग जाती तो इससे भी माल बाहर जाता जो भी फैक्टरी लगती उससे जाता । नारनौल में बहुत सीमेंट तैयार हो सकता है क्योंकि वहां लाईम–स्टोन बहुत है

। मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि इस को दोबारा एग्जामिन कर लें और वहां सीमेंट फैक्टरी जरूर लगाई जाए, वह इलाका बड़ा बैकवर्ड है । प्वायट पंजाब में आयरन–ओर की फैक्टरी 10 करोड़ रुपये की लागत से लगाने का विचार था लेकिन वह खत्म हो गई । वहां यह प्लांट लग सकता था क्योंकि रा–मैटीरियल महेन्द्रगढ से निकलना था अगर लगा लेते तो बहुत अच्छी बात थी क्योंकि वहां मिनरल निकालने के लिए माईन्ज है अगर फैक्टरी लग जाती तो बहुत अच्छी बात होती । वहां कौपर की माइन्ज हैं, इसको एक्सपलोरेट करना चाहिए और इससे हरियाणा के रिसोर्सिज बढ़ सकते है

डिप्टी स्पीकर साहिबा, रोडज पर बड़ी चर्चा हुई और सरकार ने कहा कि हम रोड्ज पर इतना ध्यान नही देंगे । लेकिन दो तीन रोड्ज ऐसी हैं जिनका बनाया जाना निहायत जरूरी है । गाव की पंचायतों ने पांच–पांच, दस–दस हजार रुपया कंट्रीब्यूट किया है और जमा किए हुए पांच–पांच साल हो गए है लेकिन नही बनीं जो सड़कें बननी हैं उन के नाम हैं–कनीना टू ककराला और गुधा टू रसालपुर । तो मेरा निवेदन है कि जिन पंचायतो ने दस हजार का या पांच हजार का कंट्रिब्यूशन दिया है उनकी सड़कें जरूर बननी चाहिऐ ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, वाटर सप्लाई के ऊपर 176 लाख रुपये सरकार खर्च करने जा रही है । मैं यह कहूंगा कि यह रकम बहुत मामूली है । डिस्ट्रिक्ट महेन्द्वगढ का सारा डिस्ट्रिक्ट

ऐसा है जहां पीने का पानी अच्छा नहीं है । बहुत कम गांव ऐसे है जहां मीठा पानी है । वहां या तो बारिश का पानी लोग पीते हैं या फिर उन जोहड़ों को लोग इस्तेमाल करते हैं जिनका पानी हैवान भी नहीं पी सकते । तो ऐसी कोई स्कीम होनी चाहिए जो सारे महेन्द्रगढ को पानी सके

डिप्टी स्पीकर साहिबा, वहां एक दोहान नदी है । उसने पीछे आस–पास के इलाके को बडा नूकसान किया जो अच्छे खेत थे उनको स्वायल इरोजन से या तो काट दिया या उनमे रेत ही रेत डाल दिया । तो उससे आस–पास के खेतों और महेन्द्रगढ शहर को बड़ा खतरा इसलिए मेरा निवेदन हँ कि वहा तुक छोटे डैम को शकल मे या दीदार की शकल में कोई ऐसी चीज बनाएं जिससे इस खतरे को टाला जा सके.

डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसके साथ ही साथ मैं एक बात और कहना चाहेगा इस प्रान्त में काफी काम हुहा इसमें कोई दो राय की बात नही जै लेकिन साथ–साथ कुरप्शन भी कुछ बढ़ती गई है इस कुरप्शन को दूर करने ले लिए भी सरकार को सख्ती से कदम उठाने चाहिए । आज और बातों के अलावा गवर्नमैंट सवैंन्टस जीपस का मिसयूज भी बहुत करते हैं. आज चुंकि पंट्रोल की कमी भी हें और मंहगाई भी है इसलिए हमें इस मिसयूज को भी रोकना चाहिए ।

जहां तक शिक्षा का ताल्लुक है डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसके द्वारा जब तक करैक्टर की भावना हम बच्चों के अन्दर पैदा नहीं कर सकेगें तब तक मैं समझता हूं कि हम ज्यादा डिल्पमैंट नही कर सकेंगे । किसी प्रान्त या नेशन की ग्रेटनैस उसके नैचुरल रिसोर्सिज से ही होती या दूसरे कारणों से नहीं होती बल्कि उसके अच्छे सिटिजन्ज से होती है । जिस देश या प्रान्त में महान सिटिजन्ज रहते है वही देश या प्रान्त महान होता है । तो हमें चाहिए कि हम शिक्षा के द्वारा ऐसे विद्धान सिटिजन्ज पैदा करें जो महान हों, करैकटर के आदमी हों और आगे चल कर बड़ी हिम्मत ओर ईमानदारी के साथ डिवैल्पमैंट का काम करें । इन शब्दों के साथ,

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं ।

श्री गुलाब सिंह जैन (हिसार) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस सदन में तीन रोज से बजट पर डिसकशन चल रही है । गवर्नर साहब का जो अभिभाषण है उस पर बोलते हुए मैंने हरियाणा ने जो फिनौमिनल तरक्की की है इन आल रिसपैक्टस उसकी तरफ सदन का ध्यान दिलाया था । मेरे काबिल दोस्त श्री दौलता साहिब जब बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने मुझे मुबारिकबाद दी । पहली बात, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि मैं उनसे मुबारिकबाद लेना नहीं चाहता कारण कि गलत आदमी की मुबारिकबाद कभी अच्छी नही होती । ये

दोस्त ये चाहेगे कि एरसे शब्द मैं क्यों कह रहा हूं । मैं उनका ध्यान एक बात की तरफ दिलाना चाहता हूं । शायद उन्हें हमारे मुख्य मंत्री साहब से कोई पर्सनल शिकायत हो । मैंने जिस वक्त हरियाणा की तरक्की की तसवीर खेची थी उसके तीन फैक्टर्ज मैंने अर्ज किए थे डिप्टी स्पीकर साहिबा, अव्वल यह कि हरियाणा में तरक्की इसलिए हुई कि हरियाणा बना, दूसरा यह कि तरक्की इसलिए हुई कि आज सरकार काग्रेंस पार्टी के हाथ में है जिसका प्रोग्राम प्रोग्रैसिव सोशलिजम लाने का हूँ और गरीबो की भलाई का है । तीसरा मोस्ट इम्पौरटैन्ट फैक्टर जो है वह यह है कि उस प्रोग्राम की पालिसी की ऐक्सिक्यूशन आज चौधरी बसी लाल कर रहे है अगर बंसी लाल जी न होते तो यह तरक्की न होती । क्यो? हरियाणा बनने कर बाद मेरे दोलत भी सरकार मे रहे लेकिन तरक्की नही हुई बल्कि हरियाणा का नाम बदनाम हुआ फिर हरियाणा बनने के बाद कुछ दिनों तक हरियाणा सरकार की बागडोर ऐसे शक्स के हाथ में रही जो कि कांग्रेस पार्टी के लीडर थे, काग्रेस पार्टी के चीफ मिनिटर थे लेकिन उस समय भी तरक्की नहीं हुई । इसलिए सिर्फ हरियाणा बनने से या सिर्फ काग्रेस पार्टी की हकूमत होने से तरक्की नहीं होती बल्कि जब तक ऐक्मिक्यूटर अच्छा न हो, ऐडमिनिस्टैटर अध्यक्ष न हो उस वक्त तक तरक्की नही होती डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपको तो मालूम ही कि जैनीज्म मे सालवेशन के लिए तीन फैक्टर्ज जरूरी है । नम्बर एक, राईट नालेज, नम्बर दो। राईट थीकिंग और नम्बर तीन जो कि मोस्ट इमपोरटैन्ट है वह ठुँ राईट ऐक्शन । ऐक्शन के बगैर सालवेशन

नही होती इसलिए जब तक ऐक्शन करने वाला आदमी प्रौपर न हो तरक्की नहीं होगी मैं एक बात और अर्ज करूगा दौलता साहब, एक अच्छे वकील समझे जाते है लेकिन कोई भी वकील अच्छा नहीं समझा जाता यदि वह एट दी बार किसी विटनैस की एवीडैंस को या किसी रूलिंग को गलत कोट करे । मैंने तीन बातें दही थी । अगर इन. तीनों बातों के बारे में ये कुछ कहते तो मैं उसका अन्दर करता लेकिन' अगर चीफ मिनिस्टर साहब से उनकी कोई जाती शिकायत हो उसमें मुझे ये कोट न करे, मुझे आयंदा बीच में न लाएं, यह मेरी इनसे मुअदबाना गुजारिश है ।

चौधरी प्रताप सिह दौलताः डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं इनकी तीनो बातो से ऐग्री करता हूं ।

श्री गुलाब सिंह जैन : थैकयू । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं बजट पर मजीद बोलने से पहले अपने मुख्य मंत्री जी का तमाम ट्रेडिग कम्यूनिटी की तरफ से शुक्रिया अदा करता हूं कारण कि पिछली दफा जब हाउस मे सेल्ज टैक्स से बारे मे बिल आया तो मैंने कुछ आपत्तियां उठाई थी और मेरे मुख्य मंत्री जी ने अश्योरैंस दी थी कि ऐसी बातें जिनके बारे में ट्रेडिंग कमयूनिटी समझती हैकि वह उनके साथ ज्यादती है उनको सरकार दूर करेगी । कल हाउस में एक अमैंडिग बिल डिस्ट्रिब्यूट हुआ और उसे जब मैंने पढ़ा तो मुझे खुशी हुई कि हमारे मुख्य मंत्री महोदय ने जो अश्योरैस यहां हाउस में दी थी या हाउस के बाहर जब व्यापारी उनसे मिले और अपनी मुश्किलात उनके सामने रखी और इन्होने

फराखदिली से वायदा किया था आज उस वायदे को पूरा करते हुए सरकार अमैडिग बिल हाउस के सामने लाई है इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं और मैं उनका मश्कूर हूं । इसके बाद मैं अपने वित्त मंत्री साहब काभी मश्कूर हूं क्योंकि उन्होने हिसार की डिवैल्पमैंट को तरफ खास तवज्जुह दी है । हिसार ओवर ब्रिज का गवर्नर अभिभाषण में और तक स्पीच दोनों में जिक्र है । वाक्या ही इसकी वहा बड़ी जरूरत थी. हिसार की डिवैल्पमैंट बगैर नामुक्कमल थी. इसी तरह से जुडीशियल कंप्लैक्स, जिसका उदघाटन अभी गर्वनर महोदय करके आए हैं, भी देखने के लायक चीज है । अगर मैं कहूं कि सारे हिन्दुस्तान में मूकाबले काजुडीशियल कंप्लैक्स नहीं है ते शायद गलती पर ने हूं ' मुझे अपने प्रोफैशन वजह से तमाम हिन्दुस्तान में घूमने का मौका मिलता है लेकिन मैंने उस तरह का वैल– डिवाइन्ड, वैल प्लान्ड और वैल कंस्ट्रक्टिड जयूडीशियल कंप्लैक्स कही नहीं देखा तो उसके लिए भी मैं सरकार को मुबारिकबाद देना चाहता हूं । हिसार के लिए वजट स्पीच में डिप्टी साहिबा, एक और चीज का जिक्र भी है और वह यह है कि हिसारके अन्दर रिक्रिएशन के लिए चक्रवर्ती की तरह की एक लेक बनाई जाएगी । इसके लिए भी मैं सरकार को बधाई देता हूं और का मैं मश्कूर हूं । वहां ये मिल्क प्लाट भी बनाने जा रहे हैं, उसके लिए भी मैं सरकार का मश्कूर हूं ।

इसके बाद, डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं चन्द बातें जो बड़ी जरूरी हैं कहना चाहूंगा । तो यह है कि बजट के ऊपर डिसक्रशन करते हुए मेरे दोस्त श्री राम लाल जी ने, जो जनसंघ का मैम्बर हैं, एक बात कही । जब वे बात कह रहे थे, उससे पहले मैं उनकी इज्जत करता या लेकिन उस बात के कहने के बाद मैं सोचने लगा कि या तो वे बजट को समझ नहीं रहे है या फिर वे मिस–स्टेटमैंट आफ फैक्टस कर रहे हैं जो कि जनसंघ वालों की आदत है । दोनो में से कोन सी बात दुरूस्त है यह मुझे पता नही । (विध्न)

Please do not disturb me. When you speak, I do not disturb.

Deputy Speaker : No Interruptions please.

श्री गुलाब सिंह जैन : तो मैंने एक अर्ज करनी है । उन्होंने कहा कि किसी बजट को देखते हुए हमें देखना पड़ता है कि उसका रैवैन्यू कितना है और उस रैवैन्यू की कुलैक्शन और रियालाइशन में परसैंटज आफ एकसपेडींचर क्या सैं क्योकि बजट का एक का सूत्र है कि सरकार अगर ऐसा टैक्स लगाए जिसकी कुलैक्शन में वहुत ज्यादा खर्च आए वह टैक्स लगाया नही जाना चाहिए । यह एक असूल है औंर इस असूल को हमको देखना पडता थै । एक साहब ने एक दो परटीकुलर आइटम्ज का जिक्र करके यहां कहा कि कुलैक्शन पर पचास परसैन्ट खर्चा होता है । डिप्टी स्पीकर साहिबा मैं आपके द्वारा सदन में आकडे रखना

चाहता हूं हमारा जो टोटल बजट है उसके तीन हिस्से होते है । पहला हिस्सा होता है टैक्स रैवैन्यू, दूसरा हिस्सा होता है नान टैक्स रैविन्यू और तीसरा होता है ग्रान्ट इनऐड । जो खर्चा रियलाइजेशन का होता है, टैक्स रैवैन्यू होता है । ग्रान्ट इन ऐड और नाल–टैक्स रैवैन्यू पर नहीं होता । हमारा टैक्स लाख 90 करोड़ और 56 लाख हँ । इसमें से अगर हम वह आइटम जो 9 करोड़ और 46 रैवेन्यू 90 रुपये की है, वह घटा दे, जो कि हमे सैन्टर से आता है और जिसकी रियलाइजेशन हरियाणा सरकार को कोई खर्चा नहीं करना पड़ता तो हमारा कुलैक्शन पर केवल दो करोड़ और 78 लाख रुपया रह जाता है यह 35 परसैन्ट बनता है

डिप्टी स्पीकर साहिबा जो हमारे अपने एक्साइज एन्ड टैक्सैशन मिनिस्टर है उनको मुबारिकबाद देना चाहता हूं क्योंकि हरियाणा का टैक्य रैवैन्यू का एक बड़ा हिस्सा एक्साइज ड्यूटी और सेल्ज टैक्स से आता है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, अगर मैं यह अर्ज करूं कि एक्सपाइज ड्यूटी को कुलैक्शन का एक्सपैडीचर इतना कम है जो कहीं भी नहीं है तो गलत नहीं होगा । मैं खुद उसकी परसैन्टेज निकाली है । मैं तो देख कर हैरान हुआ कि 15 करोड़ 50 लाख रुपया आता है श्रौर जो खर्चा होता है वह उस पर 2 लाख 72 हजार रुपए है । यह खर्चा 0.8 परसैन्ट बनता है यानी एक परसैन्ट से भी कम है डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैंने दूसरी स्टेट के बजट भी देखे हैं और मुझे सैन्टर गर्वनमैट का बजट

स्टडी करने का भी मौका मिला है इतने लो एक्सपैसींज, इतने कम रियलाइजेशन एक्सपैशनसीज आज तक कही भी हिन्दुस्तान की किसी स्टेट में नहीं हैं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे सेत्ज टैक्स का जा कुलैक्शन एक्सपैक्ट करते हैं वह 32 करोड़ है और उसके अगेन्सट में जो उसकी कुलैक्शन पर एक्सपैनसीज है वे केवल 65 लाख है । कितने कम हैं यानी दो परसैन्ट है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह कहना कि हरियाणा के अन्दर जो टैक्स. लगाये जा रहैं है वे बहुत ज्यादा हैं और उनकी कुलैक्शन पर जो खर्च किया जा रहा है वह बहुत ज्यादा है । यह गलत है । दरअसल क्या वजह है? जिन्होने यहां पर लैन्ड रैवैन्यू का जो जिक्र किया है उनका अगर इस बात का नालेज नही है तो मैं आपके जरिए उन दोस्तों को बताना चाहता हूं कि लैन्ड रेविन्यु का जो खर्चा है वह कुलैक्शन का खर्चा नही है, दरअसल लैन्ड रैवैन्यू डिपार्टमेंट मल्टीफीरियस काम करता बै । उसका जो मैन फंक्शन है वह लैन्ड रैवैन्यू रिकार्ड ठीक रखने के लिए होता है । उसका काम कोई टैक्स वसूल करना नहीं है । उसका काम तो कुरैक्ट लैन्ड रिकार्ड मेनटेन करना है । वह जो भी खर्चा है वह कोई टेक्स कुलैक्शन का नही ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह बात अर्ज करना चाहता हूं जो कि यहां हाउस में बोलते हुए, मेरे एक माननीय सदस्य चौधरी चान्द राम जी ने कही । मुझे उनकी जात से कोई शिकायत । नहीं, कभी मेरा उनके साथ ज्यादा वास्ता नही रहा ।

कुछ असूल की बातें उन्होंने कहीं और, असूलन ही मैं कहना चाहता हूं उन्होंने कहा कि अगर काग्रेस पार्टी को हरिजन स्पोर्ट न करे तो रह ही क्या जाता है । मैं यह कहता हूं कि अगर हरिजनों को कांग्रेस स्पोट न करे तो हरिजनो के पास है क्या? आज हरिजनों की जो पोजीशन है वह कांग्रेस की वजह से ही है । सर्दियो से ये लोग दबे हुए थे । ब्राह्मणो ने इनको उठने नहीं दिया । आज भी अगर वे उन्हें नही उठाने दें तो फिर उनकी क्या हालत हो? अगर उनके लिए महात्मा गाधी जी ने आवाज नहीं उठाया होती और काग्रेस पार्टी ने आवाज न उठायी होती तो मैं यह दावे के साथ कहना चाहता हूं जो। मेरे दोस्त उधर बैठे हुए हैं, जो बढ़–चढ़ कर हरियाणा की बहबूदी की बातें करते हैं, उन्हें चौलेन्ज करता हूं वे कुछ नहीं कर सकते थे । सब से पहले हिग्दुस्तान में आज के युग से जिस शख्स ने हरिजनों के हक में जबान खोलने का साहस किया था वह कोई हरिजन नही था, बह स्वामी दयानन्द था जो कि एक ब्राङण कुल में पैदा हुआ था । उन्होने हिम्मत की और उन्होंने रुब्लणिज्य के खिलाफ आवाज उठायी थी । डिप्टी स्पीकर साहिबा आपको भी पता है इसी तरह से लार्ड महाबीर ने आवाज उठायी थी, लार्ड बुद्धा ने आवाज उठायी थी और आचार्य शकराचार्य ने उनको हिन्दुस्तान से बाहर फेका । सिर्फ जैनिज्म हिन्दुस्तान में रहा वह भी ब्राह्मणिजम का लवादा ओढ़ कर रहा । मुझे यह कहने में ताम्मुल नहीं कि अगर कोई दूमरी शख्सीयत थी जिन्होंने हरिजनों के लिए अपनी जान को बाजी लगायी वे थे महात्मा गान्धी । अगर कोई पार्टी है जो

हरिजनों की भलाई चाहती है वह केवल कांग्रेस पार्टी ही है । मैं एक बात अर्ज करना चाहता हूं कि उनके वे दिन न रहें अगर हिन्दुस्तान में कांग्रेस के अलावा किसी और पार्टी का राज हो । मैं अपने काबिल दोस्त से यह पूछना चाहता हूं कि वे किस पार्टी का राज चाहते हैं । क्या वे कांग्रेस के अलावा जनसंघ का राज चाहते हैं । अगर कांग्रेस पार्टी का राज न रहे, क्योंकि डैमोक्रेटिक गवर्नमैंट बदलती रहती हैं । क्या वे मेरे दोस्त जनसघ का राज चाहते हैं जिसको मैं ब्राह्मण पार्टी मानता हूं । मेरे एक दोस्त हैं जो कलकत्ता मे वकील है । वे बड़े जनसंघी हँ । मैंने उनसे पूछा कि बम्बई स्टेट में जहां पूना में जनसंघ का हैडक्वार्टर है, जहां पर दस हजार ट्रेन्ड वरकर्ज हैं और कलेम करते है कि हमारी बड़ी ताकत है फिर भी आप वहां इलैक्शन में हार जाते है उसका क्या कारण है? उन्होने वडा ईमानदाराना जवाब दिया कि हम इसलिए हारते हैं कि वहां पर हमें एक ब्राह्मण पार्टी समझा जाता है और जो नान–ब्राह्मण है वे हमें वोट नही देते हैं । अगर इसके बाद ऐसा हो कि देश में कभी इस पार्टी की हकूमत बने, तो मैं अपने दोस्त को बतला देना चाहता हूं कि उनका इस हकूमत मे हरिजनो के साथ इतना गलत ट्रीटमैट होगा जिसके बारे में ब्यान नहीं जा सकता है । जो पिछड़े हुए लोग हैं, जो गरीब लोग हैं, क्या वे राइटिस्ट पार्टी उनका भला कर सकेगी? क्या बी० के० डी ० पार्टी, स्वतन्त्र पार्टी उनकी मदद कर सकती हैं और दूसरी आल इंडिया पार्टी है कम्युनिस्ट । क्या आप उनका राज चाहते हैं । वे यह कहने की साफ तौर पर हिम्मत करें । डिप्टी स्पीकर साहिबा,

जो भाई दूसरे देशों से हो कर आये हैं उन्होंने डैमोक्रेटिक वे आफ लाइफ को देखा कब और टोटेलीटेरियन सिस्टम आफ गवर्नमैंट का भी अनुभव होगा । हमारे यहां तो वे आफ लाइफ डैमोक्रेटिक सिस्टम आफ गवर्नमैंट है । कांग्रेस पार्टी से कोई और बढिया पार्टी हो नही सकती है । हरिजनों का जितना कांग्रेस पार्टी ख्याल रखती है उतना कोई ख्याल मार्ग रखता हैं । जैसा कि हमारे मुख्य मंत्री साहब ने हाउस में बोलते हुए कहा था कि श्रीमती इंदिरा गान्धी से ज्यादा और कोई भी हरिजनों का इतना भला चाहने वाला नही हो सकता । मै यह कहने मैं तामुल नहीं करता कि हरियाणा के मुख्य मंत्री जी का हरिजनों की तरफ गरीबो की तरफ जितना ध्यान है और किसी का हो नहीं सकता । हरियाणा सरकार की जब वे से चौधरी बंसी लाल के हाथ में बागडोर आयी है तब से उन्होंने हरिजनों को काफी ऊंचा उठाया 'है । अगर यह कहा जाये कि जो कदम उठाये हैं वे थोड़े हँ तो मैं' मान सकता हूं । कोन–कौन सी ऐसी जातियां है जिनको कितनी ही सदियों से हजारों सालों से ऊपर नही उठने दिया गया, वे अपने हको से वंचित रहे । ऐसी जातियों को ऊपर उठाने में समय लगता है उनके लिए जितना भी किया जाये थोड़ा है । मुझे कोई इतराज नहीं है लेकिन यह कहना कि चीफ मिनिस्टर साहब का इधर ख्याल ही नही है, मैं इस बात को बिल्कुल मानने के लिए तैयार नही हूं ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, किसी भी जाति को उठाने के लिए सब से पहले उसकी तालीम की तरफ ध्यान रखा जाता है । वह बहुत जरूरी है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके द्वारा सदन को बतलाना चाहता हूं कि जब से यह सरकार आयी है तब से तालीम का खास ख्याल रखा गज है । सैझल गवर्नमैंट ने होस्टल में दाखिल होने वाले हरिजनों के लिए स्कालिरशिप रखा, लेकिन हमारी सरकार ने उसको कम समझा । हमारी सरकार ने 15 रुपये महीना देना शुरू कर दिया । जहां तक फीस माफी का सम्बन्ध है वह भी सर्भा हरिजनों को लाभ हो चा है । आज हमारे हरिजन भाई वी ० ए ० और एम ० ए ० कर चे हैं । जब मै पड़ता था तो मेरी क्लास में केवल एक हरिजन लड़का होता था । कोई भी उसके साथ नहीं बैठता था एक बेच हाता था योर उस पर दो सीटें होती थी । मुझे गर्व है कि वह मेरे साथ ही बैठता था, वह मेरे बैन्च पर बैठा करता था क्योंकि वह भी गरीब था और मैं भी गरीब था । जो आज गुलाब सिंह है यह उस वक्त नहीं था जो आज है । शायद उन लोगों ने जिन्दगी में गरीबी देखी हो लेकिन मैंने गरीबी को चखा है । मुझे पता है कि गुरबत क्या होती है, मुझे पता कि गुरबत में क्या तकलीफ होती है । मेरी उन दोस्तों के साथ पूरी सहानुभूति है जो गरीब की भलाई की बातें करते हैं और हरिजनों को भलाई की बातें करते हैं । मुझे उनसे पूरी पूरी सहानुभूति है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां पर भंहगाई के बारे में भी जिक्र किया । मैं मानता हूं कि देश में मंहगाई है ।. (व्यवधान).

चौधरी प्रताप सिह दौलता : डिप्टी स्पीकर साहिबा, गुलाब सिंह जी किसी की स्पीच में इप्ट्रप्ट नहीं करते हैं इसलिए इनकी स्पीच में यदि कोई इस्ट्रप्ट करे तो इन्हें और टाईम मिलना चाहिये । ये जनसंघ वाले साथी इनको इन्ट्रप्ट करते रहते हैं ।

Deputy Speaker : Order please. No interruptions. Please take your seat.

श्री गुलाब सिंह जैन : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह कह रहा था कि यहां पर मंत्री का जिक्र किया गया । मैं मानता हूं कि देश में मंहगाई है और मंहगाई को हटाया जाना भी वहुत जरूरी है । हम प्रोडक्शन के आंकड़े देखें कि 1947 में जब देश आजाद हुआ, उस वक्त देश में प्रोडक्शन की पोजीशन क्या थी और आज प्रोडक्शन की क्या पोजीशन है । अगर मैं वह आबाडे बतलाने लगू तो उनसे यह नज्र आयेगा कि देश में बहुत तरक्की हुई है इस तरक्की के दौरान जहां हमने प्रोडक्शन को बढ़ाया है दही उसके साथ–साथ इनफ्रा–सट्रक्चर को भी रंदा किया है । हमारे देश की पापुलेशन वढती जा रही है । हमने फैमिली पलानिंग की तरफ भी ध्यान दिया । मुझे कह दाहने में के।इा हिचकिचाहट नहीं है कि परसुएशन से फैमिली प्लानिंग होने वा ली नहीं है । जो सोशल रिफार्मर होते हैं वे किसी देश में किसी गवर्नमैंट के हाथे मजबूत करने के लिये एक माहौल पैदा करते हैं ताकि सरकार स्ट्रोन्ग ऐक्शन ले सके । फैमिली प्लानिंग के प्रोपेगन्डे के जरिये आज यह माहौल है कि हर आदमी इस बात

को समझता है कि फैमिलीय्लार्निंग होनी चाहियें । मेरा इस बारे में यह सुझाव है कि इसे कानूनन लागू करना चाहिये । जव तक फैमिली–प्लानिंग को कानूनन लागू नहीं करेंगें या इसके रियि कोई कानून नहीं बनेगा, तब तक यह पापुलेशन की जो ऐक्सपलोजन है, वह रुकने वाली नही है । अगर पापुत्रे छान कर ऐ क्सप्लोजन नहीं रुकती हँ तो हम चाहे कितने भी प्रोडक्शन बढ़ाते जायें उसका कोई फायदा नहीं होगा । हमारी प्रोडक्शन अगर उस प्रोपोरशन से नहीं बढ़ती है जिस प्रोपोरशन से पापुलेशन बढती जा रही है तो मंहगाई बढती जायेगी, इसलिये इस ओर खास ध्यान दिया –गाना चाहिये ।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं एक और प्लैलीकेट सच्चौक्ट टच करना चाहना हूं । जो आज देश में आथिंक संकट नजर आता है उसकी वजह सट्राईक भी है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यह मानता हूं कि लेवर का स्ट्राईक करने का राईट है । मैं उनको इस राईट से वंचित नहीं करना चाहता । लेकिन हमें यह देखना चाहिए कि जिस वक्त ये ट्रेड–यूनियनें वनी और लेबर को स्ट्राईक का हक दिया गया उस वक्त उसके पीछे रीजन क्या ढ़ग था । As against captalists, unorganised labour is weak. उस वक्त यह रीजन था कि जस कैपिटलिस्ट की ऐ क्सप्त्रायटेशन से लेबर को बचाने के त्ग्यए लेवर जो हो, वह आर्गेनाइज्ड हो मैं इस प्रिंसीपल को मानता हूं। लेकिन आज इस देश जै अन्दर हालात क्या है? हालांकि काग्रेस पार्टी की अन्मनी पालिसी लेबर के फेवर में है

काग्रेस पार्टी आज देश से गरीवी को दूर ण्रना चाहती लूँ सोशलिस्टिक पं टर्न लाना चावृती है, क्लासलैस सोसाढटी क्रिकेट करना दाहती है तो क्या वजह है आज स्ट्राईकस करायी जा रही हैं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, जप जानते हैं कि लेबर के फायदे की जो बात है, वह गवर्नमैंट खुद सोचती है । डिप्टी सीकर साहिबा, सारे देश की जो पापुलेशन है वह लरज 550 मिलियन है और इसका 80 प्रति– शत हिस्सा देहात में रहता है । आपको पता है कि देहाती स्ट्राईक क्ग्रता नहीं है, हमारी जो फार्म लेबर है, वह भी स्ट्राईक नही करती । आज हमारे यहां जो गवन मैट में, चाहे पब्लिक सैक्टर में हों या प्राइवेट सैक्टर में हो, कुल मिलाकर जो ऐम्पलाईज हँ, वे 18 मिलियन हैं इन 18 मिलियन ऐम्पलाईज के दायरे के अम्बर ही ये सारी गड़बड़ होती है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज सीमेंट की कमी होती है । किस लिये? इसलिये या तो सीमेंट की फैक्ट्रीज मे स्ट्राईक की वक्ह से प्रोडक्शन कम होती है या फिर रेलवे में स्ट्राईक होने की वजह से माल पहूचता नहीं हँ । आज वैजीटेबल भी की भी यही पोजीशन बनती जा रही है दु:ख उस वक्त है जब हमारी मेजर पब्लिक यृटेलिटी सर्विसिज के अन्दर स्ट्राईक होती है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपको 1971 के आकड़े बताना चाहता है कि कितना ग्रौस नैशनल लास हुआ है रन अन–नेरुंसरी स्ट्राईकस की वजह से । हमारे 12,07,50, 244 वर्किन्ग डेज वेस्ट हुए हैं अगर इन वर्किन्ग डेज को प्रोडक्शन के हिसाब से देखा जाये तो यह पता चलेगा कि कितना बडा प्रोडक्शन सं लास हुआ है । इससे आप अन्दाजा लगा सकते हैं

कि इससे देश को क्तिना नुकसान उठाना पड़ रहा है । आज जब देश में रेलवे में या किसी दूसरी जगह स्ट्राईक होती है मे उससे जो डेज लास होते हैं, उसका इफैक्ट ओवर–अम्ल हमारी प्रोडक्शन पर पडता है । से लोगों तक कोल नहीं पहुंचता । फैक्ट्रीज तक नेसैसरी रा–मैटीरियल नहीं पहुंचता जिसकी वजह ले लोगों तक फिनीशड गुड्ज नहीं पहुंचती । इसका इस प्रकार से दो तरफा नुक्सान है । मैं आपके द्वारा यह अर्ज करूंगा कि हरियाणा सरकार को इसके बारे में कोई रास्ता दिखाना चाहिए । मैं मजदूर के खिलाफ नहीं हूं । मैं सरकारी मुलाजिम के भी खिलाफ नहीं हूं । मेरी यह क्न्यीक्शन है डिप्टी स्पीकर साहिबा, आज जो सट्राईक्स होती हैं, इनकी बैंक मे कुछ और ही चीज है । वह मजदूर की भलाई को बात नहीं है । मैं स्ट्राईक्स और लाक–आउटस दोनों के ही खिलाफ हूं। खाली स्ट्राईक के ही नही, वाक–आउट के भी खिलाफ हूं । हमें कोई ऐसा रास्ता निकालना पड़ेगा जिसके द्वारा हम स्ट्राईक्स को आगे के लिये बन्द कर सके । मैं चाहता हूं कि कम से कम हम उन लोगों को परसुऐशन से स्ट्राईक्स से हटायें जो स्ट्राइक्स की तरफ जाते है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक चीज मैं और अर्ज करना चाहता हूं । हमारे, यहां हिन्दुस्तान में तीन–चार बड़ी ट्रेड यूनियनें हैं, वे हैं इंडियन– नैशनल ट्रेड यूनियन काग्रेस, आल इंडिया ट्रेड यूनियन काग्रेस, हिन्द मजदूर सभा और यूनाइटिड ट्रेड यूनियन कांग्रेस । इनकी अपनी ही इन्टरनल पौलिटिक्स की वजह से कितनी ही जगहों पर स्ट्राईक्स होती है और उसका रिजल्ट यह होता है कि देश का नुक्सान

होता हूँ । वे नैशनल इट्रैस्ट में नहीं की जाती, वे मजदूर के इट्रैस्ट में भी नहीं होती, जो स्ट्राईक्स होतीं है, उनके पीछे मुद्दा कुछ और ही होता है । इसलिये इस के बारे में हमें कुछ इफैक्टिव स्टैप्स लेने पड़ेंगे । जो मजदूर की जायज मांग है, जो मजदूरों की बेहतरी की बात है, जौ मुलाजिमों की बेहतरी की बात है, उसको सरकार के द्वारा ही किया जाना चाहिये । कल कुछ भाई मेरे से मिलने आये थे । अगर हम लैजिस्लेटज उनकी जायज तकलीफ को दूर नहीं करते हैं तो हमें ऐग्जीस करने का कोई राईट नहीं है, हमें स्टैड करने का कोई राईट नहीं है । We should be of use to all right persons to vindicate their right purposes. डिप्टी स्पीकर साहिबा, यहां पर सरकारी मुलाजिमों की बात कही गयी ।

उपाध्यक्षाः गुलाब सिंह जी, आप जरा जल्दी वाईन्ड अश्व करने की कोशिश करें ।

श्री गुलाब सिंह जैन : डिप्टी स्पीकर साहिबा, आपने मुझे आधे घंटे का टाईम दियां है, मैं आधे घंटेसे ज्यादा नही लूगा । मैं सरकारी मुलाजिमों के बारे में कह रहा था । मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार सरकारी मुलाजिमों को तकलीफों को बहुत अच्छी तरह से समझती है । इस महंगाई के जमाने में उनकी जो तकलीफे हैं, वे सरकार सब समझती there are hardest hit अर्थ–शास्त्र का एक प्रिसीपल है और वह यह है कि जब कीमते ऊंची ती हैं तो जो फिक्सड इन्कम ग्रुप है, उनको सबसे ज्यादा

तकलीफ होती है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके द्वारा सरकार से यह अर्ज करना चाहता हूं कि आप इन–टर्मर्ज आफ करेन्सी उनकी चाहे कितनी भी बढ़ाते म्बे, उनके मसले का हल नहीं निकलेगा. मैं सरकार को यह सुझाव देना चाहता हूं कि आपने अगर सरकारी मुलाजिमों को खुशहाल करना है, उन्हे खुश रखना है तो आप इन–टम्ज आफ कमोडिटीज उनकी पे का कोई हिसाब बनायें । ऐसा करना एक बड़ी अच्छी बात होगी । डिप्टी स्पीशर साहिबा, मैं. एक बात इलैस्ट्रिसिटी के बारे में भी कहना चाहता हूं । हमारे यहां जो इलैक्ट्रिसिटी की कन्जम्पशन का अनुमान लगाया गया है उसका बजट में. जिक्र है और वह 450 मेगावाट का है । अब तक हम जो जराये पैदा कर पाये हैं और जिनका इस बजट में भी जिक्र किया गया है, उनके मुताबिक हमारे जो प्रैजेंट रिसोर्सिज हैं वे 232 मैगावाट के हैं ओर उन के अलावा फरीदाबाद, पानीपत और वैस्टर्न जमुला कैनाल से जो हम विजली पैदा करने जा रहे है इस. सब को मिला कर टोटल 617 मैगावाट बनती हँ । मैं सरकार को आपके द्वारा यह सुझाव देना चाहता हूं कि आम तौर परे बिजली की खपत का जो अनमान लगाया जाता है, उसके मुकाबले में बिजली की डिमान्ड बहुत तेजी से बढती है । आप जानते हैं हरियाणा के अन्दर ला एण्ड आर्डर बहुत बढ़िया है । आज हरियाणा सरकार का तमाम देश के अन्दर यह इमेज है कि यहा पर ला एण्ड आर्डर बहुत ही बढ़िया है । इसलिये हरेक इडस्ट्रियलिस्ट हरियाणा में आकर इंडस्ट्री लगाना चाहता है । इडस्ट्री लगाने के लिये इलैक्ट्रिसिटी का होना सबसे पहली चीज

है जिसकी उसे जरूरत पड़ती है । इसलिये मैं आपकी मार्फत सरकार से यह अर्ज करना चाहता हूं कि उन्होने जो 617 मेगावाट तक बिजली उपलब्ध करने का अन्दाजा लगाया है, उसको किसी न किसी तरीके से बढा कर एक हजार मैगावाट तक ले जाने के लिये प्रोविजन प्रोवाईड करें तब ही हरियाणा पहले हिन्दुस्तान का और फिर दुनिया का एक अहमतरीन प्रदेश बन सकता है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, तालीम के बारे में मैं एक बात कहना चाहता हूं वैसे तो जो तालीम के बारे में रजोल्यूशन चल रहा है उस पर बोलने का जब मौका मिलेगा तो मैं डिटेल में बोलूगा, इस वक्त एक ही बात कहना चाहता हूं कि तालीम की क्वालिटी बढ़नी चाहिए । सरकार ने यह ठीक कदम उठाया है जो उसने अपग्रेडिंग अउफ स्कूल बंद किया है और ज्यादा नए स्कूल खोलना बंद किया हूँ । तालीम के फील्ड में जो कुछ काम किया गया है उसी को सालिड करना है । तालीम के बारे में आगे जो कुछ सरकार करे वह सिर्फ इतना करे कि उसकी क्वालिटी को इम्प्रूव कर और यह करना बहुत जरूरी है । अब मैं चन्द बातें अपनी कांस्टीचूएसी वो बारेमें कहना चाहता हूं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, .इरीगेशन के वारे में हमारी सरकार का खास ध्यान वै । हरियाणा एक कृषि प्रधान देश हे इसमें कोई दो राय नही हो सकती । सरकार ने लिफ्ट इरीगेशन स्कीम बनाकर वह काम किया है ऐसी जगह पर पानी पहुंचाया है जिनके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था । पांच–पांच सौ फुट ऊंचा पानी पहुंचाया है, यह सरकार का बड़ा सराहनीय काम है । मेरे हल्के में तीन ऐसे इलाके हैं जहां लिफ्ट

इरीगेशन के बगैर पानी नही पहुंच सकता । काफी एरिया हिसार प्रापर, जुगलान और एक गांव हँ शाहपुर । मे री गुजारिश है कि इन इलाकों के अन्दर पानी पहुचाने के लिए छोटी–छोटी इरीगेशन स्कीभें चालू की जाए । इसके अलावा पीने के पानी का जिक्र आया । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे हल्के में खासतौर पर दो गांव ऐ से हैं जहा पीने के पानी की बड़ी तकलीफ है और 1974– 75 के साल मैं मैं सरकार सें गुजारिश करुंगा कि एक गांव तलवंडी राना है और दूसरा गाव गंगूआ है वहां पर जटर वर्कस लगाया जाए और लोगों के लिए पीने के पानी का इन्तजाम किया जाए । कुछ नहरो पर पुलों और ब्रिज बनाने का जिक्र आया है । मैं इसके बारे में भी अर्ज करना चाहताहूं । डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप जानती होगी कि हिसार का पशुओं का मेला हिन्दुस्तान भर में मशहूर है । जहां यह मेला लगता है उस जगह का नाम सात रोड खूद है । यह जगह वैस्टने जमुना कैनाल की तरफ आती है । जो लोग अपने डंगरों को लेकर आते है वे वैस्टर्न जमुना नहर को पार करते आते हैं क्योंकि अगर वे लोग नहर में से पशु गुजारते लाएं तो वह जगह जहा मेला लगता है, नजदीक पड़ती है । इसलिए मेरी प्रार्थना है कि वहा पर एक पुल जरूर बनाया जाए । इसके अलावा कुछ और जगह जैसे बरवाला मेन कैनाल है वहां अगर बड़े पुल न वनाए जाएं तो बहा पर घोड़ा रुलिया जरूर बनाई जाएं । टूरिज्म की बाबत मैं एक बात कहना चाहता बेर कि हिसार के अन्दर एक डीयर पार्क है उरुको एक्सटेंड किसी जाए किसी जबने मे यह जगह लखाडार के नाम से मशहूर थी । राहा

जाता है कि वह बहुत हिरन रहते थे और जब दे गुजरते थे ले रास्ता बन्द हो जाता था क्योंकि हिरनों की बाबत कहा जाता है कि एक हिरन जिधर को चल देता है उसी तरफ को सारे हिरन चल देते हैं । आजकल तो वहां हिरन नहीं है लेकिन वह जगह उनके नाम से मशहूर है । इसलिए मेरी गुजारिश है कि इस डीबर पार्क को एक्सटैड किया जाए । इन शब्दो के साथ मैं अपनी स्पीच खत्म करता हूं ।

श्री फतेह सिंह (जुलाना) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे समय दिया ।

श्री अमर सिंह : आन ए प्वायंट आफ आर्डर, डिप्टी स्पीकर साहिबा, क्या वित्त मंत्री महोदय के बोलने से पहले मुझे टाईम मिलेगा या नहीं?

Deputy Speaker : This is no point of order. I will see and if there is time you will he given time to speak.

श्री अमर सिंह : आश्वासन तो दे दे. ।

उपाध्यक्षा : मैं आश्वासन अभी कैसे दे सकती हूं ।

श्री फतेह सिंह : डिप्टी स्पीकर सहिबा, 1974– 75 के वजट पर बहस हो रही है इसके बारे में मैं भी कुछ कहना चाहता हूं । वैसे तो मेरे साथियों ऐं इसके बारे में बहुत कुछ रोशनी डाल दी है लेकिन फिर भी मैं कुछ बातों को ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहुंगा । हमारी गवर्नमैंट ने जो यह बजट बनाया

है यह बड़ा ही सराहने योग्य है । हमारे फाईनेस डिपार्टमैंट ने हर पहलू पर गौर करके, विचार करके, हरियाणा के हित को ध्यान में रखते हुए बडा मेहनत के साथ यह बजट तैयार किया है । इसकी जितनी भी ज्यादा तारीक की जाए वह थोड़ी है । हमारे बिरोधी भाईयों ने कुछ बातें नुक्ताचीनी कैं लिए कही उनके मुताल्लिक खासतौर से जिला जींद के बारे में चौधरी धज्जा राम ने चौधरी दल सिंह की बाबत बता दी हैं । मैं तो सिर्फ इतना ही कहूंगा. कि चौधरी दल सिंह को तीन महीने के लिए गवर्नमैंट में मिनिस्टर रहने का मौका मिला था । उस वक्त ' इन्होने न हरियाणा के लिए औरर न ही जिला जीद के लिए कुछ डिवैल्पमैंट का काभ क्रिया ये जिस तरह भोले–भाले जमीदारों को गल्तफहमी में डालते हैं, जिस तरीके से बरगलाते हैं, वह बड़ा ही खराब है । मैं कोई नुक्ताचीनी नहीं करता लेकिन इस सदन के अन्दर हरेक एम 0 एल 0 ए 0 के सामने लिखा हुआ है कि झूठ बोलना बहुत बड़ा पाप है इसलिए कुछ भाई जो यहां पर झूठ बोलते हैं उनको झूठ नहीं बोलना चाहिए । हरियाणा सरकार ने जो काम किए हैं वे छिपाए नहीं जा सकते । आप 1968 से पहले के हरियाणा को ले लें और आज के हरियाणा को देखें । जमीन और आसमान का अन्तर है । इसकी जितनी तारीफ करें वह थोड़ी है । इस सरकार से पहले न सडके थीं, न नहरें थीं और न ही अस्पतालो का कोई इन्तजाम था और खास तौर से हमारा जिला जींद तो इतना पिछडा हुआ था कि जिसका अन्दाजा नहीं लगाया जा सकता क्योंकि जो जींद का महाराजा था उसके जमाने में कोई डिवैल्पमैंट का काम नहीं हुआ,

उसके बाद हम पैपसु में इग्नोर होते रहे और फिर ज्वायंट पंजाब में इग्नोर रहे और कुछ हमारी भी बदकिस्मती रही कि दल सिंह जैसे लीडर रहे जिन्होंने डिवैल्पमैंट की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया । डिप्टी स्पीकर साहिबा, जब इस सरकार ने हमारे इलाके में कुछ काम किए हैं तब बहां के लोगों को महसूस हुआ है कि असली मायने में आजादी अब आई है । अब मैं चन्द तकलीफें जो हमारे इलाके के लोगों को है उनका जिक्र करूंगा लेकिन इससे पहले मैं यह जरूर कहूंगा कि इस सदन के अन्दर आदमी को थोड़ा बहुत झूठ बोलने से कतराना चाहिए । डिप्टी स्पीकर साहिबा, जब अनाज का संघर्ष चला उस वक्त चौधरी दल सिंह ने लोगों को बहुत वरगलाया, लोगों से नेम करवाया कि मंडी में कोई आदमी सरकार को अनाज देने के लिए न ले जाए, मगर जब अनाज मडियो में आने लगा तो इसके एजेंटों द्वारा प्रचार किया गया कि जो भी ले जाए वह दल सिंह की दुकान पर ले जाए । हमारे लोगों से 50–60 हजार रुपया इक्ट्ठा किया । इन्होने अपना प्रोपैगन्डा करवाया कि दल सिंह ने जमींदारों के लिए यह किया वह किया । मैं कहता हूं कि इनके दिल में किसी की सेवा की भावना नहीं है ये तो भोले–भाले लोगों को गल्त रास्ते पर डालते हैं । जब टीचरो की हड़ताल चल रही थी तो उस वक्त भी इन्होने बच्चों के मां बाप से नेम करवाया कि वे अपने बच्चों को स्कूल में न भेजें –

Deputy Speaker ; Please do not be personal and speak on the Budget.

श्री फतेह सिंह : मैं तो यह बता रहा हूं कि वे क्या करते चे हैं । टीचरों की जव हडताल चल रही थी तो भोले–भाले बच्चों के वालदेन से नेम ले लिया और अपनी घरवाली को जो टीचर है 18 तारीख को स्कूल भिजवा दिया और कह दिया कि हड़ताल पर न जाना ।

12.00 बजे

Chaudhri Partap Singh Daulta ; On a point of order, Madam. Can a .conduct of an opposition. M. L. A. be the subject matter of . discussion the way in which it is being done ?

Deputy Speaker ; It is not the subject matter for him. He is just mentioning something. But I have already checked hi that he should not be personal and that he should speak on Budget.

The hon. member may please continue his speech and speak on 'the Budget.

श्री फतेह सिंह : डिप्टी स्पीकर साहिबी, मैं यह बिल्कुल फैक्ट्स बता रहा हूं गलत बात नहीं कही जा रही है । भोलेभाले जमींदारों को बहका कर अपना उललू सीधा करते रहे। दूसरी तरफ अपनी औरत से यह लिखवा कर दे दिया कि हड़ताल न करो और दूसरे लोगो को अपना उल्लू सीधा करने के लिये बहकाते न्हे । डिपटी स्पीकर साहिबा, मे रा कहने का मतलब यह है कि ऐसी ऐसी गल्त बातें तो ये लोग खु द करेसे रहे और सरकार का नाम

यू ही बदनाम करने को कोशिश कर रहे हैं –शोर– तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं कुछ अपने हल्के के मुताल्लिक यहां पर जिक्र करना चाहता हूं कि जुलाना एरिया जो है वह बहुत ही ड्राई एरिया है वहां 80, 70 हाथ के करीब पीने का जो पानी है, वह खारी है, तो आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना करूंगा कि जिन गांवों में पीने का पानी नहीं है जैसे कमाचखेडा, करेला, झमोला, किरसोला गढ़वाली तथा खेड़ा बख्ता वगैरह–वगैरह, इन गांवो की एक बैल्ट सी बनाकर पीने के लिये मीठा पानी मुहैया किया जाए । इसके' साथ साथ जुलाना के लिये मैं कुछेक बातें और कहना चाहतीं हूं कि यह एक सब डिविजन बन गया है, एस ० डी ० ओ ' (सिवल), एस ० डी० ओ 0 नहर तथा बिजली बी एण्ड आर, पी ० डब्ल्यू० डी ० वहां है लेकिन वहां पर न ही दफतर है, और न ही कर्मचारियो के रहने के लिये कोई क्वार्टज हैं, तो इस तरफ मैं चाहूंगा कि सरकार पूरा–पूरा ध्यान दे और जुलाना ए क सैन्ट्रल ब्लेस है, ' वहां पर मन्डी भी है । इसके साथ यह होगा कि लोगों को हर तरह को सहूलियतें वहीं पर ही मिल जाएंगी । और वहां 'पर कुछ गांव ऐसे है जहां पर सैन्डी एरिया होने के कारण पानी नहीं पहुंचता है, वैसे यह कमाडिड एरिया है, वहां पर पक्के खाल बना दिये जाएं तो इससे जमींदारों को बहुत फायदा होगा । इसके लिये चाहे जमींदारों के ऊपर ही खर्चा क्यों न पडे तब भी वे लोग इस के लिये तैयार हैं । तो सरकार से आपकी मार्फत अपील करूंगा कि इस तरह करने से लोगों को हालत भी सुधरेगी । यह गाव है गतोली, कमाच खेड़ा, दांरड, मालवी, देस खैडा, करेला,

झमोला, किरसोला व झमोला के लिये पक्के खात बना दिए जाएं जिस से 5/6 हजार एकड़ रकबा फालतू आबपाश होगा । इसके साथ साथ बुचाना, बरारखेडा, इगरा और बेबलपुर के बारे मे भी जिक्र करना चाहता हूं । वह बरारखेडा, आर ० डी ० नं ० 4 और 7 के दरमियान से एक सब माईनर निकाल दी जाएं और खालों को पक्का' किया जाए तो इससे काफी फायदा ही सकता है। इसके साथ साथ अगर चाबरी माइनर को एक्सटैन्ड कर दिया जाए तो उससे नुडाना नडानी और पडाना इन गांवों को बहुत फायदा होगा और यह आबपाशी के लिये बहुत मुफीद साबित हो सकता है चीफ मिनिस्टर साहब ने इस बारे में एलाउस भी किया था । बराहे कलां और सुन्दर दूरी पर है गांवों में पक्की खालें बनाई जाएं तभी यहां पर रकबा आबपाशी हो सकेगा । इससे लोगो की पैदावार अधिक होगी । कई गाव ऐ से हैं जहां पर पीने का पानी नही है और दूरी पर है जैसे करेला झमोला, किरसौला व बुडा खेड़ा कई ऐसे गांव हैं, इन गांवों में पीने के पानी का इन्तजाम होना चाहिये । इसलिये यहां पक्के खाल बनाए जाने चाहिये और यहां तक कि इन गौवों के लोग अपने पास से इन सभी का खर्चा देने के लिये तैयार हैं तो मैं आपकी मार्फत सरकार से अपील करूंगा कि शीध्र ही इस तरफ ध्यान दिया जाए । डिप्टी स्पीकर साहिबा, एक मालवी गांव है इसके साथ ही थोड़ी दूर से मालवी माइनर गुजरता है इस गांव का सारा रकबा वैस्ट साइड पर है । इस माइनर पर एक पुल बना दिया जाए, गाँव वालों को बहुत दूर से घूम कर करना पड़ता है तो इसलिये गांव के साथ इस माइनर

पर पुल जरूर बनाया जाए । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इसके साथ–साथ कुछ मीर गाँव जैसे अकालगढ, दौरड व कमाच खेड़ा, फतेहगढ, बामन वास इनको सब माइनर से मिलाया जाए, या इनके पक्के खाल बनाकर इनको नहर सुन्दर ब्रीच से आबपाश किया जाये ताकि पैदावार बढाई जा सके । इसी तरह से इगरा और बैवल पुर वगैरह को भी पक्के खाली से आबपाश किया जाए ताकि आबपाश में बढ़ोतरी हो सके । इसके साथ –साथ डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं यहीं पर कुछ सड़कों के बारे में कहना चाहता हूं जोकि बहुत छोटी छोटी सी हैं और अगर इन सड़कों के छोटे–छोटे टूकडो को पुरा कर दिया जाताहै तो जुलाना जो है वह बड़ी रोड से चारों तरफ से मिल जाता है इससे लोगों को आने–जाने में बड़ी सहूलियात होंगी । ये चार सउरके हैं :–

1. जुलाना से भिवानी, को कुनैक्ट करने के लिये देवरड से फरवाना ।

2. जूलाना से गोहाना को कुनैक्ट करने के लिये लजवाना–कलां से रिढाणा यह तो सिर्फ डेढ मील का टुकड़ा है ।

3. जूलाना से सफीदों को कुनैक्ट करने के लिये नन्दगढ से भैरों खेड़ा या लुदाना ।

4. जुलाना से हांसी को कुनैक्ट करने के लिये मालवी से बडछप्पड़ या करेला से ।

तो अगर इन सड़कों को, जिनके छोटे–छोटे टुकडे अभी बनने वाले हैं, बना देने से जुलाना मेन रोड से मिल जाता है इसलिये मैं आपकी मार्फत सरकार से यह पुरजोर अपील करुगा कि इन सड़कों को जल्द से जल बना दिया जाए । यह सारा टुकडा जो बनने वाला होगा वह करीबन ह मील का ही होगा तो इसके लिये सरकार को कोई भारी खर्चा भी नहीं करना पड़ेगा । इससे जुलाना की जो मण्डी है उसको और स्टेट को भी फायदा होगा और साथ में लोगो के आने–जाने के लिये कोई दिक्कत नहीं होगी । (घंटी)

डिप्टी स्पीकर साहिबा, बस मैं एक दो बातों की तरफ सरकार का ध्यान दिलाकर अपना भाषणा खत्म करूंगा । डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह जो जुलाना और जींद का एरिया है,. यहां कमाद बहुत होता है, यह कमर्शयल पवांयट आफ व्यू से बहुत अच्छा है । सरकार को चाहिये की वहां की सर्वे करवाये और जींद और बुलाना के अन्दर गन्ने की एक एक मिल लगा दी जाए तो वहां लोगो की कुछ हालत सुधर सकती है और लोगों की भलाई के लिये यह एक अच्छा कदम होगा । इसके साथ साथ आगे मैं यह भी बता देना चाहता हूं कि जींद के साथ–साथ पडारा है, धार्मिक स्थान है टूरिजम विभाग की मारफत वहां पर ऐसी कोई न कोई धार्मिक चीजे बना दीं जाएं तो यह जुलाना और जींद की लोभा के लिये बहुत अच्छी बात होगी । इस से आगे मैं यह भी बतलाना चाहता हूं कि हरिजनों की बहुत सी चौपाले रुकी हुई है

और फायनैन्स कीं वजह से रुकी पडी हैं तो मैं आपके द्वारा सरदार से यह प्रार्थना करता हूं कि हरिजनों की निगम के द्वारा सहायता करवाएं जोकि उन गरीबों के लिये बड़ी लाभदायक बात होगी इसलिये अन्त में मैं फिर इन सारी बातों कॉ तरफ सरकार की तवज्जो दिलाना चाहता हूं कि मैंने यहां पर जो जो सुझाव अपने हल्के के मुताल्लिक रखे हैं, उन पर गम्भीरता के साथ विचार किया जाए और दूसरे कामों से पैसे की बचत करके हमारे इस इलाके को प्रैफरैन्स दी जाए ताकि वहा के रहने वाले गरीब हरिजनों, गरीब किसानों को फायदा हो सके ।

कृषि मन्त्री (चौधरी भजन लाल) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, सदन में तीन दिन से बजट पर बहस हो रही है । इसमें बहुत से सदस्यों ने बहुत अच्छे–अच्छे सुझाव भी दिये और दो–तीन माननीय सदस्यों ने कुछ ऐसी बातें भी कहीं जोकि उनकी आदत के मुताबिक है हाउस में कभी घी ये वास को ठीक नहीं कहते । उनमें से चौधरी दल सिंह जी ने खास तौर से यह कहा कि अनाज की समगलिंग हुई और सीड में घपला हुआ है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपके द्वारा उनको यह बताना चाहता हूं कि जहां तक सीड का ताल्लुक है भारत सरकार के आदेश के अनुसार कि सर्टीफाइड सीड के ऊपर कोई पाबन्दी नहीं है वह सारे देश के अन्दर जा सकता है, इसमें प्रान्तीय सरकारों का कोई दखल नहीं है, पता नही चौधरी दल सिंह ने कहां से ऐसी वात सुन ली? जहां तक महकमे का ताल्लुक है महकमे ने कोई सीड प्रचेज नहीं

किया । अलबत्ता एग्रीक्लचर यूनिवसिटी का सीड महकमे ने जरुर बेचा है रोकि 160 रुपये के भाव से बेचा गया । लेकिन बाद भै सरकार ने महसूस किया कि यह भाव मंहगा है इसलिये हमने 160 से घटा कर उसे 125 रुपये के हिसाब से बेचा । लेकिन महकमे ने बाहर से सीड मंगवा कर कोई ऐसी बात नहीं की कि जिससे गड़बड़ हुई हो । इसलिये मैं तो यह कहूंगा कि जिस आदमी का जेसा ध्यान होगा, जैसा ख्याल होगा और जैसी विचारधारा होगी वह हर आदमी को वैसा ही समझेगा । ये या तो किसी सबूत के साथ बात कहते लेकिन जिस बात का सिर–पांव ही न हो, वह हाउस में कह ही जाए तो किसी का मूंह तो पकड़ा नहीं जा सकता । लेकिन इन्होंने हाउस में गल्ल बात कही कि हमने सीड देने में घपला किया । हमने सीड उनको दिया है जिनको भारत सरकार ने रिकमैंड किया था या उनको दिया जहां की सरकार ने नौमीनी मुकर्रर करके यहां भेजे लेकिन किसी किस्म की हेराफेरी वाली बात नहीं हुई । भारत सरकार ने हमें यह भी कहा कि दूसरे प्रान्तों में अच्छा बीज नहीं बनता है, आप के प्रान्त में ही अच्छा बीज बनता है । इसलिये आप अच्छा वीज बना कर आसाम, बिहार, वैस्ट बंगाल और महाराष्ट्र आदि को दें । हम इस बिना परसीड कार्पोरेशन भी बनाने जा चे हैं ताकि दूसरे प्रान्तों को भी अच्छा बीज दे सके और अपने यहां भी किसनो को अच्छा बीज मुहैया कर सकें । अच्छा सीड पैदा करके हमने अच्छा काम किया है कोई बुरा काम नहीं किया है । दूसरी वात यह है कि इस बार चने के सीड की बहुत कमी रही क्योंकि पिछले साल घना कम पैदा हुआ

। चना कम पैदा होनेकी वजह से हमने राजस्थान से 12,000 क्विटल चने का सीड मंगवा कर किसानों को 185 रुपये क्विटल के भाव से दिया जबकि उसकी मार्केट प्राइस 225 रुपये क्विंटल थी । हमने किसानों को ठीक और मुनासिब कीमत पर बीज देने की कोशिश की बै । जहां तक इन्होंने कह पैदावार में क्या इजाफा हुआ है? मै एक बात चौधरी दल सिंह जी को 67– 68 में भी 39.50 लाख टन अनाज हुआ था लेकिन इन्होंने यह नहीं सोचा कि कुदरत पर भी कुछ बातें डिपेंड करती हैं । 1967– 68 मे 12. 40 लाख टन चना हुआ था और 46.60 लाख टन बाजरा हुआ था । यह एक ऐसी क्राप है जो नेचर पर डिपेंड करती है । जिस समय अच्छी बरसात हो जाए या अच्छा सीजन लग जाए तो चना ते बहुतही अच्छा हो जाता है । मैं इनसे यह पूछना चाहता हूं कि उस समय गेहूं कितना पैदा हुआ और बाजरा कितना पैदा हुआ? 1966– 67 में साढ़े दस लाख टन गेहु पैदा हुआ । लेकिन पिछले साल भाखड़ा .में पली कम होने की वजह से बिजली को कमी रही और नहरों में भी पानी कम चला औत गर्म हवाएं चलीं उसके बावजूद भी हमने साढ़े इक्कीस लाख टन गेहूं पैदा किया और उससे पिछले साल 24 लाख टन गेहूं पैदा किया था और 1971– 72 में हमने साढ़े सैंतालीस लाख कमं अनारु पैदा किया । इसी तरह से धान को लो, 1966– 67 में जहां 2, 23,000 टन चावल पैदा होता था आज इस साल तह 560000 टन पैदा हुआ है । ये तो सिर्फ एक बात कोही लेकर चल पड़े लेकिन इनको पता होना चाहिये कि नेचर पर भी बहुत कुछ डिपेंड करता है । इसके

साथ–साथ इन्होने होल सेल ट्रेड मे सरकार की बड़ी भारी आलोचना को कि सरकार की यह गल्त पालिसी थी । तो क्या कोई बताने वाला है कि सरकार को क्या गल्त पालिसी थीं? हमने ठीक भाव पर अनाज खरीदा और ठीक भाव पर बेचा । अगर यह सरकार होल सेल ट्रेड टेक ओवर न करती तो पता है गरीबो की क्या हालत होती? गरीबों को आज गेहूं 3– 4 सौ रुपये क्विटल के भाव से मिलना था अगर ऐसा होता तो जिस गरीब आदमी ने अनाज मोल लेकर खाना है बताओ वह क्या करता ? चौधरी दत सिंह ले यहं भी कहा कि अनाज का टारगेट इसलिये पूरा नहीं हुआ कि अनाज को समगलिंग हाँ गई । मैं इनको बताना चाहता हूं कि पिछले साल जब 24 लाख टन लाख पैदा हुआ तो उस साल भी हमने 8 लाख 18 हजार टन प्रक्योर किया और 15/16 लाख टन स्टेट में अपने खाने के लिये रहता है । इस बार साढे 21 लाख– टन पैदा हुआ जिसमे से 5. 90 लाख टन हमने सैंट्रल पूल में दिया और 15– 18 लाख टन अपने खाने के लिये वे स्टेट में रहा है पिछले सालों की तरह इस बात से भी इन्कार नहीं करता कि हो सकता है कहीं पर थोड़ा सा अनाज समगल हो गया हो क्योंकि हमारे बिल्कुल साथ में राज–स्थान है और तीन– सौ मील लम्बा वार्डर इतने लम्बे वार्डर के ऊपर सभी जगह तो हमारे आदमी नहीं रह सकते इसलिये हो सकता है कि कोई ऊंट या सिर पर उठा थोडा बहुत अनाज ले गया हो, क्योंकि खेत के साथ खेत राजस्थान दिल्ली और हरियाणा का लगता है । 15 लाखा रुपये के करीब हमने अनाज पकडा जो वाहर जा रहा था । हमारे

फूड डिपार्टमैंट और पुलिस ने बड़ा अच्छा काम किया उन्होंने हर संभव कोशिश की कि अनाज समगल न होने पाए । इसलिये बड़े पैमाने पर कोई समगलिंग नहीं हुई, इनको तो गल्त बात कहने की आदत है ।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता : अगर दो चार सेर अनाज चला भी गयी तों कौनसा पाकिस्तान चला गया, हिन्दुस्तान में ही गया होगा ।

चौधरी भजन लाल : डिप्टी स्पीकर साहिबा, मेरे कहने का मतलब है कि प्रक्योरमैंट भी हमने जो हमारी स्टेट में अनाज पैदा है उसके मुताबिक की । चाहे इस साल के आंकडे भी मिला कर देख लो और पिछले साल के देख लो, हमने ठीक किया है । एक बात चौधरी चांद राम जी ने कही कि जो हवाई छिड़काव हुआ गन्ने पर, उसके नीचे यानी हवाई छिड़काव के नीचे फिरते आदमी नहीं मरे, मैं उनको क्या कहूं या उनको दवाई के बारे में ही नहीं पता और या फिर ये खेतों में नहीं गये जहां छिड़काव हो रहा था । इनकी तसल्ली तो तभी होती अगर दो–चार आदमी मर जाते । मैं इनसे यह जानना चाहता हूं कि दवाई छिडकने से कीड़े मरे या नहीं मरे? अभार हम खेतों में दवाई न छिडकते तो गन्धे की फसल को बीमारी से बहुत ज्यादा नुक्सान हो जाता । डिप्टी स्पीकर साहिबा, दवाई– दो किस्म को होती है । एक दवाई इस किस्म की होती है जिसमें पानी नहीं मिलाया जाता उसका नाम है यू. सी. वी0 और लो वोलियम की है और दूसरी का नाम है एच .

वी. एस . यह हाई वौलियम को होता है और इममें पानी का मिलान होता है । तीसरी दवाई जिससे आदमी मर जाते है उसका नाम मलोथियन इसकी बदबे भी काफी गन्दी होती है और इसकी अगर आदमी सूंघ भी ले तो भी उसके मरने के चांसिज होते हैं लोकिन इन दवाईयों से आदमी नहीं मरते इससे सिर्फ कीड़े ही मरते हैं । गले पर हमने जो स्परे किया उससे गले की बीमारी नहीं रही । किसी भी खेत में अगर स्परे न होती तो गन्ने के अलावा दूसरी फसलों पर भी इस बीमारी का प्रकोप पड़ता । लेकिन इन्होंने पता नहीं कैसे बात कह दी । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस स्परे के काम पर भी 35 लाख के करीब खर्च किया गया है जिसमें से आधा खर्च हमने भारत सरकार से लिया है और आधा उस एरिया के मिलों से लिया है जहां छिड़काव किया गया था । किसानो के ऊपर हमने बहुत कम खर्च डाला है । अनाज के बारे में मैंने जैसे आपको बताया इन्होने काफी गश्त बातें को हैं । रूई में भी हमने बड़ी भारी प्रगति की है । 1966–67 में 2,88 हजार गांठें रूई की बनी आज साढ़े चार लाख गांठें रूई की बनती हैं 1 इसके साथ ही डिप्टी स्पीकर साहिबा, जहां तक खाद का ताल्लुक है इस बात को मैं भी महसूस करता है कि खाद की सारे देशे में कमी है और उस का कारण यह है कि बहुत सी खाद हमारे मुलक में बाहर के देशों से आती है और वहां पर भी चुंकि खाद कम बनती है इस लिए सैट परसंट कमी पूरी नहीं हो सकती । डिप्टी स्पीकर साहिबा, जिस वक्त हरियाणा बना था उस वक्त यहां पर 68 हजार टन खाद लगती थी और पिछले साल में खाद

की कभी होने के बावजूद भी व लाख 71 हजार टन खाद हम ने किसानों को दिया और इतना इस्तेमाल हुआ । इस साल हमने भारत सरकार से कहा था कि 9 लाख 80 हजार टन खाद हमें चाहिए हरियाणा के लिए लेकिन उन्होंने साढ़े सात लाख टन हमे अलाट किया है जिस में से 5 लाख टन हमें मिल भी गया है । भारत सरकार ने दूसरी ग्राटो के सिलसिले में भी हमारा पूरा ध्यान रखा है और वह हमारी पूरी–पूरी सहायता भी करती है । इस के साथ–साथ हमने पैडी बोने के समव खरीफ कैम्पेन चलाई, उस के लिए हम ने एग्रीकल्चर यूनिवसिर्टी से 100 एक्सपर्टस बुलाए और उनकी टीम मुकरर्र को ताकि वे लोगों को जा जा कर समझाए' कि पैडी को किस तरह से और कितना–कितना खाद देना है और उसमे किस तरह से बीमारियों बगैरा से बचाना है । यह उसी का ही नतीजे है कि आज हम सारे देश में चावल की पर एकड़ ईल्ड के हिसाब से सब से आगे हैं । इसी तरह से हम ने खूबी कैम्पेन के लिए भी तीन सी एक्सपर्टस एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी से मंगवाए और एक हजार गांवों में किसानों को डिमौन्स्ट्रेशन के जरिए सारी बाते बताई कि किस तरह से और कितनी कितनी मिकदार मैं बीज और खाद का इस्तेमाल करना है । इस के अलावा हम ने पानी और बिजली की कमी को ध्यान में रखते हुए ऐसे किया कि जिस एरिया में पहले फसल बोई जानी है वहां पर उसी एरिया की क्राप और सोइग के लिए वैस्टर्न जमुना कैनाल का पानी भाखड़ा कैनाल में दिया और भाखडा कैनाल का पानी वेसटर्न जमना कैनाल मेदे दिया, जिस एरिया के लिए पानी चाहिए था वहां जरूरत के

मुताबिक पुरा पानी दे दिया, जहां पैडी के लिए चाहिए वहां पहले पैडी को दे दिया और अगर कौटन के लिए जरूरत पड़ी तो वहां का पानी वहां पर दे दिया और इसी तरह से हम ने बिजली भी दो ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा पैदावार कर सकें । इस के अलावा वर्लड बैंक को मदद से हम ने पांच साल में 11 हजार टयुबवैल लगाने थे लेकिन हम वह दो साल मैं लगा कर सारे देश में अव्वल चे ।हम ए .आर .सी . स्कीम के तहत 30 हजार ट्यूबवैल और लगाने जा रहे हैं । हमारे प्रान्त में कुल 115 लाख एकड़ भू मि सै जिस में से 9 लाख एकड़ भूमि कलर और शोर की है और वह खराब हो गई है । हम उसको रिक्लेम करने जा रहे हैं । हम ने उस के लिए भारत सरकार से सहायता ली है । हमे 19 करोड़ रुपया ए.आर.सी. ने उस जमीन को रिकलेम करने के लिए दिया है । डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस के इलावा 6 लाख एकड़ भूमि और ऐसी है अगर उस को हम ने कंट्रोल न किया तो उस में भी शोर कलर और हो जायेगा । तो उस के लिए हम ने पहले प्रोग्राम बनाया है । हम ने पहले करनाल मैं रिक्लेमेशन का काम शुरू किया है, अगर कोई भाई देखना चाहे तो वहां पर जा कर देख सकता है कि कितना अच्छा काम होरहा है । हिसार जिला में 18 करोडु रुपया हम ने काटन की पैदावार बढाने के लिए रखा है । हम अढाई लाख एकड़में पहले से और ज्यादा 320 एफ काटन को काश्त करवाएंगे और इस के इलावा 320 एफ काटन का बढ़िया बीज लोगों को देंगे जिस से कि काटन की पैदावार हमारे प्रान्त में बहुत बड़ जाए गी । इस के साथ साथ हमारी जो एग्रीकलचर

युनिवर्सिटी है यह केवल हिन्दोस्तान में ही नहीं बल्कि जापान को छोड़ कर अगर मैं कहूं सारे एशिया में टोप पर है तो यह कोई गलत बात नहीं होगी । जहां तक मिल्क प्लाट का ताल्लुक है यह हम हर डिस्ट्रिक्ट हैडक्वाटर पर मिल्क प्लांट लगाने जा रहे हैंऔर हमारी जो प्रधान मन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी का गरीबी हटाओ प्रोग्राम है उस को पूरा करने में इस स्कीम से बहुत मदद मिलेगी । इस में हर गरीब कदमी और छोटा किसान, चाहे वह हरिजन है चाहे और जाति का है, हर गरीब आदमी चार पांच भैसे रख कर दूध बेच कर अपना गुजारा कर सकेगा । इस के साथ–साथ मफाल और एस.एफ.डी.ए. के तहत हमारी कुछ स्कीमें हैं । इस के तहत हम 25 परसेंट से लेकर 33 परसेंट तक हम गरीब आदमियों को सबसिडी दे रहे हैं । और इन स्कीमों के तहत हम ने 10 करोड़ रुपए केलोन दिए हैं और भारत सरकार न हमारे इस काम की बहुत प्रशंसा की है । इसी तरह छोटे किसानों को सुविधा के लिए जो लोग ट्रैक्टर नहीं खरीद सकते उनकी मदद करने के लिए हम देहातो में एग्रो–ईडस्ट्रीज सेंटर खोल रहे हैं । हम हर ब्लाक में यह सैंटर खोलने जा रहे हैऔर उन सैंटरों में तीन तीन, चार–चार ट्रैक्टर रखे जाएंगे ताकि थोड़ी–थोड़ी जमीन वाले लोग ट्रैक्टर हायर करके खेती से पूरा फायदा उठा सकेंगे इस से भी लोगो को बहुत सुविधा मिलेगी । तकावी का जहां तक ताल्लुक है जिस वक्त डिप्टी स्पीकर साहिबा, हरियाणा बना उस वक्त किसानों को एक करोड 59 लाख रुपया. कर्जा मिलता था लोकिन आज 1972–73 मे हम ने 39 करोड़ रुपया किसानों को कर्जे के रूप में

दिया है, यह कोई छोटी बात नहीं है। बहुत बड़ी बात है । अब क्योकि टाईम थोड़ा है और मित्तल साहब ने बोलना है इस लिए मैं और ज्यादा नहीं कहना चाहता और आपका धन्यवाद करता हुं । जिन मैंबरों ने बेबुनियाद बातें कहीं एं उनको ऐसी बातें नही करनी चाहिए थी, वाकी चिन मैंबर साहिबान ने ठीक सुझाव दिए हैं उन के ऊपर सरकार विचार करेगी और जहां तक हो सकेगा उनके ऊपर अमल करने की भी कोशिश करेगी । इतना कह कर मैं अपना स्थान लेता हूं ।

वित्त मंत्री (श्री रामसरन चन्द मित्तल) : माननीय उपाध्यक्ष महोदया, इस बजट पर बोलते हुए ज्यादा तर माननीय सदस्यों ने इस का स्वागत किया है जिस के लिए मैं उनका बहुत आभारी हूं । विरोधी दल के और इन्डीपैंडैंट मैंबरो ने भी ज्यादातर इस का स्वागत किया है ।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता : मित्तल साहब, मैं ने भी इस का स्वागत करना था इस लिए उस लिस्ट में मेरा भी नाम दर्ज कर लीजिए ।

श्री रामसरन चन्द मित्तल : आप का नाम भी दर्ज कर लिया है मैं ने अपनी लिस्ट में और मैं आप का भी धन्यवादी हूं जो आप दे इस को सराहना की है । डिप्टी सीकर साहिबा दो चार मैंबरो ने इस कॉ काफी नुक्ताचीनी की है, नुक्ताचीनी करना तो वैसे उनका हक भी है और सरकार को भी उनकी नुक्ताचीनी पर

पूरा ध्यान देना चाहिए । लेकिन नुकताचीनी कई प्रकार की होती है, एक तो महज नुक्ताचीनी के लिहाज से ही की जाती है और दूसरी होती है अगर कोई गवर्नमैंट की तरफ से कभी रह गई हो तो उस को दुरुस्त करवाने के लिए गवर्नमैंट का ध्यान दिलाया जाता है ताकि वह गलती ठीक कर दी जाए । लेकिन जो महज नुक्ताचीनी के लिए यहां बातें करते हैं उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया जाता मगर जो कंस्ट्रिक्टिव नुक्ताचीनी हो उस पर सरकार विचार करती वै । मैं मैंबर साहिबान को यह बताना चाहूंगा कि हमारी हरियाणा को जो इकानोमी है वह बहुत साऊंड है बावजूद इस बात के कि. इस को कई प्रकार के धक्से लगे । आप जानते है कि जब जब देश के अन्दर जंग हुआ, जिस किसी ने वह जमाना देखा हो, 1914, 1918 की लड़ाई ओर उस के बाद फिर दूसरी जंगे स्कीम हुई और उस के बाद इन्डो–पाकिस्तान वार हुई, तो जव जब लड़ाईया हुई तो उस से चीजों को कीमतें बडी और मंहगाई हुई । तो हमारा देश भी इन बातों से खाली नहीं है । वार के बाद जब प्राइसिज बढ जाती है तो हर एक बजट पर उनका असर पड़ता है । इसके अलावा दो तीन फैक्टर्ज हैं जिनका हमारी इकानोमी पर असर पड़ा जैसे कि आबादी का बढ जाना और फिर इन्द्र भगवान का समय पर बारिश न करना और अगर करनातो कम करना । इन बातों का इकानोमी पर बहुत असर पड़ता है । हमारी इकानोमी पर इन तमाम बातों का असर पड़ा, पावर शार्टेज हुई और फूड ग्रैन्ज की प्रोडक्शन पर भी बुरा असर पड़ा लेकिन इन बातों के बावजूद हमारी हालत अच्छी रही क्योंकि हमने शुरू–शुरू

में जो इलैक्ट्रिफिकेशन हरियाणा में की और एग्रीकलचर को तरक्की देने के बारे में जो बातें की वजह से हमारी अर्थ व्यवस्था बुरे हालत के बावजूद भी बहूत अच्छी रही । आईसिज का बढ़ना न सिर्फ इस प्रदेश और देग का मसला है बल्कि यह आल वर्ल्ड फिनामेनन है हमारी प्रधान मंत्री जी ने भी इस बारे में कई जगह कहा है कि ऐसी चीजे जो हुई है इनका हमारे देश पर ही नहीं सारे संसार पर इनका असर पड़ा है । तोइस में घबराने की कोई नहीं है हमारी इकानोमी बहुत अच्छी है, साऊंड है, अच्छी रहेगी और ईश्वर ने चाहा तो ज्यादा भी अच्छी रहेगी क्योंकि हमारा वेस बहुत मजबूत हैं । बजट के बारे में यहां विरोधी दल के कुछ भाईयों ने कहा कि हमारे ऊपर कर्ज बहुत हो गया है और करोड़ों रुपऐ हमे सूद के देने पड़ते है । ठीक है जब कर्जा लिया है तो करोड़ों रुपए हिसाब से ब्याज के भी देने पडते हैं । लेकिन हमें एक बात को ध्यान में रखना चाहिए कि अगर हम अपने प्रांत की तरककी करना चाहते हैं और उम्रके लिये हमारे पास अगर साधन नहीं हैं पैसा नही हैं (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए) तो हमें कर्जा लेना पड़ेगा और अगर नहीं लेगे तो तरक्की के काम नहीं कर सकेंगे. जब कोई आदमी नया नया अपना विजनैस सैट अप करता है तो जो उसके पास पैसा होता है बह अपने पास से भी लगाता है और फिर भी अगर काम न चले खो कर्ज भी लेता हैं । इसी तरह से सरकार भी करती है और तरक्की के कामों के लिये कर्ज लेकर काम चलाती है, उस रकम पर सूद भी देते हैं और फिर असल भी अदा कर देते हैं । हम भी प्राईवेट बिजनैसमैन की

तरह से काम करते हैं कि काम चलाने के लिये कर्ज लेते है । जब हरियाणा वना था तो हमारे पास रिसोर्सिज नहीं थे और उस वक्त लोग तो यह कहते थे कि हरियाणा तो बन रहा पैं लेकिन शायद यह अपने मुलाजिमों को तनखाह भी न दे सके । आज आप देखें हमारी इकानोमी कितनी अच्छी है और यही लोग जो ऐसी बातें करते थे हरियाणा के बारे में आज तारीफ कर रहे है और साथ में हैरान हो रहे हैं कि इतनी भारी तरक्की कर ली इस थोड़े से अर्से में अभी फायनैसं कमीशन ने कर्जो के बारे में कुछ हिसाब लगाया है कि हर स्टेट को कर्बे पर कितना व्याज देना पड़ता है और अगले पांच साला प्लान मे कितना कर्जा हो जायेगा और कितना व्याज देना पड़ेगा । उन्होंने पांच साल के लिये हिसाब लगाया है कि 64 करोड़ रुपये हम को देने पड़ेंगे लेकिन दूसरे प्रांतों पर यह रकम कितनी पडेगी वह मैं आपको बताना चाहता हुं ताकि आपको पता लगे कि उनके मुकाबले में हमारी पोजीशन क्या बै । तो राजस्थान के जिम्मे यह 375 करोड रुपये आयेगा, आध प्रदेश के 201 करोड, महाराष्ट्र के 246 करोड़, उत्तर प्रदेश के 270 करोड़ और वैस्ट बंगाल के जिम्मे यह रकम होगी 207 करोड़ रुपये होगी इसी तरह और प्रदेशों के फिगर्ज भी मेरे पास हैं लेकिन मैं उन सव में नहीं जाना चाहता । मेरे कहने का मतलव यह है कि कर्जा लेना और सूद उस पर देना कोई डैमेजिंग बात नहीं है यह तो तरक्की की निशानी है कि हम रिसोर्सिज जो हमारे अपने हैं उनको तो लगाते ही हैं लेकिन तरक्की के लिये कर्जा भी लेते ताकि बहबूदी के काम ज्यादा से ज्यादा हो । कर्ज अगर लेते हैं

तो कोई बुरी बात नहीं हे । लेकिन इस में देखने वाली बात जो है वह यह है कि जो कर्ज लिया जाता है वह खर्च कहां किया जाता है । अगर एक प्राइवेट आदमी कर्ज लेकर शादी विवाह पर खर्च कर देता है तो यह नुकसान वाली बात है लेकिन अगर उस पैसे को बिजनैस पर लगायेगा तो फायदा होगा । इसी तरह मैं अर्ज करता हूं कि हमने जो पैसा कर्ज लेकर इम्बैस्ट किया है वह प्रोडक्टिव कामों पर किया है जिससे प्रांत को फायदा पहुंचे प्रांत कीं पैदावार बढे और आमदनी बढे और हमें इससे जो फायदा पहुंचा है वह कहने की बात नही सब जानते हैं हर जगह तारीफें हो रही है प्रांतीय लेवल पर भी और नैशनल लेवल पर भी । चौधरी राम लाल जी ने ऐक्सप्लेनेटरी मैमोरैडम के पेज 18 को पढ़ कर उस पर यह एतराज किया कि उस में जो 8.06 करोड फिगर उसमें दस लाख कर डिस्क्रैपेंसी है । अगर वह उसकी डिटेल्ज में जाकर देखे तो उनको पता लग जायेगा कि ये फिगर्ज ठीक है और उसमें कोई डिस्क्रेपैसी नही है उसके।. डिटेल्ज यह है, स्टैम्पस और रजिस्टेरशन + 2 लाख प्रापर्टी टैक्स + 5 लाख इलैस्ट्रिसिटी ड्यूटी 3 लाख इस तरह सारी रकम हिसाब में आ जाती है । यह कोई डिस्क्रेपैसी ऐसी नही है जिससे यह ख्याल किया जाये कि बजट में कुछ कमी रह गई है जैसेकि चौधरी राम लाल जी ने कहा । अब में प्वांयट बाई प्वांयट अर्ज करता हूं । बिजली के बारे में यहां पर कई कुछ कहा गया । मैं समझता हूं कि शायद इस बारे मे मेरे कुछ कहने की' जरूरत भी नहीं है क्योंकि बिजली के मिनिस्टर साहब गुप्ता जी ने इस बारे में बड़ी

तफसील केसाथ बता दिया है लेकिन फिर भी है दो तीन बाते इस बारे में बताना चाहता हूं । जब ज्वायट पंजाब होता था और जब हरियाणा बना उस वक्त भी और जब तक यह बंसी लाल सरकार नहीं वनी थी उस वक्त तक भी यही होता था कि जब कोई किसान कुनैक्शन के लिये एप्लाई करता था तो हिसाब लगाया जाता था कि बिजली का खम्बा कहा पर है, और फिर उस किसान का घर कितनी दूरी पर वहां से है, कुनैक्शन देने पर खम्बों तारों ट्रांसफार्मर बगैरा पर किताना खर्च आयेगा और सारा हिसाब लगा का देखा जाता था कि क्या वह कुनैक्शन देना पेइंग प्रोपोजीशन है अगर है तो कुनैक्शन दिया जाता था वरना नही दिया जाता था । लेकिन जब यह सरकार आई इस ने इस सिस्टम को चेंज कर दिया और यह कर दिया कि टयुबवैल के लिये जब कोई कुनैक्शन' मांगे तो चाहे उसका गांव दस मील पर हो बगैर घाटा मुनाफा देखे उसे कुनैक्शन दिया जाये । मैं अर्ज करता हूं कि लगभग तीन चार साल हुये सारे भारत के बिजली के मिनिस्टर्ज की एक मीटिंग हुई थी और उस में यह फैसला हुआ था कि 1 980 तक सारे भारत में आधे गांव को बिजली जरुर दे दी जाये लेकिन वह 1980 आने में तो अभी वहुत देर लगेगी । हरियाण सरकार ने 1970. के आस पास ही हरियाणा के सौ फीसदी गांव को बिजली दे दी । इसका नतीजा यह हुआ कि हरियाणा जो पहले अनाज के बारे में डैफिसिट था सरप्लस हो गया । इस बारे मे से एक हीं जिला की मिसाल देता हूं । गेहूं का मामला में महेन्द्रगढ जिला हमेशा ही डैफिस्टि रहा है लेकिन 1972 में वही इतना अनाज हुआ

कि वह सरप्लस हो गया और अकेली नारनौल तहसील ने पचास हजार क्विटल गेहूं बाहर भेजा । अगर इस में महेन्द्वगढ और दादरी के फिगर्ज भी शामिल कर दूं तो यह फिगर्ज और ज्यादा हो जाते हैं । मेरे कहने का मतलब यह है कि बिजली देने का नजरिया जो पहले उसे हम ने बदल दिया । हम ने कह दिया कि एग्रीकल्चरल प्रोडकशन के लिये जितनी बिजली किसान मांगे मांगे जहां चाहे दे दी जा ये । यह ठीक है कि बिजली की कमी है लेकिन आप देखें विजली की डिमांड एग्रीकल्चरल, इन्डड़ीयल, डुमैस्टिक परपजिज और दूसरे कामों के लिये कितनी बढ गई है । इस लिये शार्टेज तो हे, नी ही थी जिसे मीट करने के इन्तजाम भी सोचे और किये जा रहे है । कुछ शार्टेज इस लि ये भी आई कि पानी कम बरसा इसलिये बिजली पं दा भी कम होने लग गई और यह सारी दिस्वरूत आई । लेकिन हम ने कहा कि एग्रीकल्चर के लिये प्रायर्टी दी जाये और इस के लिये जितनी बिजली की जरुरत है वह पहले पूरी की जाये सब से पहले किसान को बिजली दी जाये उसके बाद इन्डस्ट्री– यल और फिर दूसरे परपजिज के लिये दी जाये । मैं समझता हूं बिजली पर एतराज करना तो हरियाणा के साथ अन्याय करना है । आज कितनी बिजली पैदा होती है और कितनी हमें मिलती है उसकी डिटेल्ज मैं आपके सामने पेश करना चाहता हूं । मैं आपको डि टेल्ज देना चाहता हूं कि कहां–कहां से कितनी–कितनी बिजली मिलतीं है । भाखड़ा नंगल प्रौजैक्त से 28 लाख यूनिट प्रतिदिन, इन्दपरस्थ स्टेशन से 12 लाख यूनिट प्रति दिन–, बदरपुर थर्मल प्लांट से 4

लाख यूनिट प्रतिदिन, राणा प्रताप सागर अटोमिक प्लाट से 5 लाख यूनिट प्रतिदिन और फरीदाबाद थर्मल प्लांट और सूरजपुर प्लांट से 3 लाख यूनिट प्रतिदिन मिलती है । इस तरह से हमें 52 लाख यूनिट प्रतिदिन इलैक्ट्रिसिटी मिल रही है । इसके अलावा, जैसा आपने गुप्ता जी के भाषण में सुना होगा, हम फरीदाबाद और पानीपत में थर्मल प्लांट लगा रहे हैं और कोशिश यह की जा ची है कि आयदा के लिए बिजली की कमी न व्हे । लेकिन एक रोज में ये सब काम नहीं होते, हर एक चीज के लिए रुपये की जरूरत होती है, प्लांट लगाने में टाईम लगता है लेकिन यह बात जरूर है कि बिजली की कमी को पूरा करमे की कोशिश को जा रही हूं इसके अलावा जैसा कि मैंने अपने भाषण में शुरू में कहा था कि हम ने 50 लाख टन अनाज पैदा करने का टारगैट इस साल रखा हुआ है और इसको पूरा करने की जरूर कोशिश की जाएगी । फर्टिलाईजर की कमी भी मिलती है, इस कमी को पूरा करने के लिए भी कोशिश की जा रही है जैसा कि आपको कल बताया गया था ।

स्पीकर साहव, हमारे खर्चे के बारे में कुछ इतराज किए गए हैं । यह कहा कि साहब, एयर क्राफट के ऊपर इतना पैसा खर्च किया जा रहा है । दरअसल एयर क्राफ्ट को गलत तरीके से देखा गया है । यह 8 लाख रुपया महज एक ही हवाई जहाज के लिए नही है । इसकी डिटेल्ज आप देख लीजिए । 2 लाख 64 हजार रुपया सैलरी का है, इसी तरह से मशीनरी का है, एक्विपमैंट

का है, आफिसिज एक्सफैंसिज का है और इसी तरह की कई और चीजें है जिन का खर्च इसमें शामिल है । जैसे फ्यू ल आयल, रेडियो–एक्विपमैंट, इस्ट्रमैंट्स, मेन्टेनैसं चार्जिज, टेलिफोन, पोस्टेज वगैरा वगैरा सब बातें इसमें शा मिल है । जब तक आदमी एयर–माईडिंड न बने तब तक काम नहीं चलता आप देखें, दूसरे देशों में ऐरोप्लेन से बहुत ज्यादा काम लेते हैं । अगर वह यह कहे कि एरोप्लेन तब ले सकते हैं जव हमारे दूसरे काम पूरे हो जाएंगे तो काम नहीं चलेगा । इससे हमारे यहां बच्चो को ट्रेनिग दी जाती है । स्टूडैटंस ट्रेनिंग लेते हैं ताकि एयर सर्विसिज में जा सकें वरना हमारे लड़के दूसरी सटेटी के मुकाबले में पीछे रह जाएंगे । तो यह कहना कि एयर क्राफ्ट पर खर्चा ठीक नही तो यह गलत बात है. यह जरुरी चीज है, इसके अलावा जिसको एयर क्राफट इस्तेमाल करने कि जरूरत पड़ती है । वह इस्तेमाल भी करता है । तो जो खर्चा इस पर हुआ है इस पर एतराज करने वाली कोई बात नहीं है ।

स्पीकर साहब, कुछ माननीय सदस्यों ने अपने अपने इलाके की मांगे सदन में रखीं मैं उन मांगों पर इस वक्त जाना नहीं चाहता क्योंकि वे बहुत डिटेल में है, आफ हैंड कुछ नहीं कहा जा सकता । लेकिन जो मांगे उचित हैं, रुपये पैसे के हिसाब से अगर वे मांगे ठीक होंगी तो पूरी की जाएंगी लेकिन इसको अश्योरेस के तौर पर न लिया जाए कि सव बाते जो कह दी हैं, जरूर हो जाएगी । मैं ज्यादा न कह कर समाप्त करता हुं ।

Mr. Speaker : The House stands adjourned till 2-00 P.M today,

(The Sabha then adjourned till 2-00 P.M. on Wednesday, the 16th January, 1974)

12.47 बजे